www.tamsasanket.com
वर्ष: 29 || अंक 157 || अम्बेडकरनगर
शुक्रवार
28 अगस्त 2026 || पृष्ठ: 08 || मूल्य: ₹2
75 आज़ादी का अमृत महोत्सव

# दैनिक तमसा संकेत

https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

**मौसम**
सूर्योदय: 05:43
सूर्यास्त: 06:32
अधिकतम: 32°00
न्यूनतम: 27°00


पेज 07

विशेष समाचार | डोभाल की कूटनीति और... >> पेज 04 | कानपुर में विमान क्रैश पायलट... >> पेज 06 | नुसरत साहब की कव्वाली...

भारतीय विदेश मंत्रालय के मुताबिक, नेपाल में बाढ़ के बीच अब तक 54 भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकाला गया है। इनमें त्रिशूली-1 प्रोजेक्ट के 33 कर्मचारी और तमिलनाडु के 21 लोग शामिल हैं।

- बुधवार सुबह 8:37 बजे नेपाल-चीन सीमा के पास तेज झटके महसूस किए गए। शुरुआत में अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने इसे 4.4 तीव्रता का भूकंप बताया था।
- बाद में पता चला कि पहाड़ का एक बड़ा हिस्सा बर्फ और चट्टानों के साथ ल्हेंदे खोला नदी में गिरा था। ल्हेंदे खोला, भोटेकोशी नदी की सहायक नदी है। भोटेकोशी चीन से निकलकर नेपाल में प्रवेश करती है।
- बाद में यूएसजीएस ने भी स्पष्ट किया कि 5.2 तीव्रता के भूकंप जैसा यह झटका लैंडस्लाइड के कारण पैदा हुआ था।



## नेपाल बॉर्डर से 18 किमी ऊपर बनी एक और झील, चीन ने बाढ़ की चेतावनी दी

# ‘खतरा अभी टला नहीं’

**खतरा**

- बाढ़ और भूस्खलन से सड़कें प्रभावित होने के कारण टीमें पैदल और हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू कर रही हैं। नेपाली सेना और निजी हेलिकॉप्टरों ने अब तक 69 उड़ानें भरकर 351 लोगों को सुरक्षित निकाला है।



तमसा संकेत, एजेंसी

काठमांडू । नेपाल में बुधवार की भीषण बाढ़ के बाद एक और बड़ी बाढ़ का खतरा पैदा हो गया है। चीन ने बताया है कि रसुवागढ़ी बॉर्डर से 18 किमी ऊपर ल्हेंदे नदी में पानी रुकने से झील बनी है। पानी बढ़ रहा है और झील टूटने का खतरा है।

नेपाल के जल तथा मौसम विज्ञान विभाग ने भोटेकोशी के निचले इलाकों में लोगों को नदी किनारे से दूर रहने और सुरक्षित जगह जाने की सलाह दी है। झील करीब 0.11 वर्ग किमी में फैली है। इसके टूटने पर भोटेकोशी में फिर तेज बाढ़ आ सकती है। बाढ़ में अब तक 359 लोगों की मौत हो चुकी है। 8 जिलों से शव मिले हैं, जिनमें सबसे ज्यादा चितवन में 132 और पूर्वी नवलपरासी में 82 हैं। करीब 1,500 लोग लापता बताए जा रहे हैं। इनमें 288 भारतीय भी शामिल हैं। वहीं, 21 भारतीयों को बचाया गया है, जिनमें 11 की पहचान हो चुकी है। बाढ़ और भूस्खलन से हुई तबाही के बाद लंदन में रहने वाला नेपाली समुदाय मदद के लिए आगे आया है। प्लमस्टेड स्थित श्री पशुपतिनाथ मंदिर में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए डोनेशन बॉक्स रखा गया है। मंदिर के पुजारी नील हरि ग्रिमियर की पहल पर रखे गए इस बॉक्स में मंदिर आने वाले लोग अपनी इच्छा से आर्थिक सहयोग दे रहे हैं। >> (शेष पेज 06 पर)

> बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित इलाकों में 13,295 सुरक्षाकर्मी राहत और बचाव कार्य में तैनात किए गए हैं। इनमें नेपाल पुलिस के 7250, नेपाली सेना के 4200 और सशस्त्र पुलिस बल के 1845 जवान शामिल हैं।

**1500** कुल लापता

**288** भारतीय लापता

**359** शव बरामद



### नेपाल बाढ़: नारायणी नदी में बहकर पहुंचे 3 शव

नेपाल में आई भीषण बाढ़ का खौफनाक असर अब सीमावर्ती भारतीय क्षेत्रों में भी दिखाई देने लगा है। गुरुवार को कुशीनगर के खड्डा तहसील क्षेत्र के मदनपुर ठोकर नंबर-3 के पास नारायणी नदी में 3 शव बहते दिखाई देने की सूचना से हड़कंप मच गया। शवों के दिखाई देने की खबर फैलते ही आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण नदी किनारे पहुंच गए। नदी की तेज धारा में शवों को देखकर लोगों में दहशत फैल गई।

### अस्थायी बैरियर लेक का गंभीर खतरा

नेपाल-चीन सीमा के पास छोचेन खोला और पुरेपू सांगपो नदियों के संगम पर भूस्खलन और मलबे के कारण एक विशाल बैरियर लेक यानी अस्थायी झील बन गई है। चीन की सरकार के मुताबिक, इस कृत्रिम झील में लगभग 20 लाख घन मीटर पानी जमा हो चुका है और यह ऊपर से बहने लगी है।

>> (शेष पेज 06 पर)

### जेन-जी आंदोलन पर थरूर बोले- भारत का लोकतंत्र सबसे अलग

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने हालिया जेन-जी विरोध प्रदर्शनों के बीच भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि विरोध के दबाव में भारत का राजनीतिक सिस्टम हिला जरूर, लेकिन टूटा नहीं।

थरूर के मुताबिक, यही भारत के लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने NDTV के एक कार्यक्रम में दक्षिण एशिया के छह देशों में हुए युवा आंदोलनों की तुलना करते हुए यह बात कही। इनमें म्यांमार, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि इन देशों की सरकारों ने विरोध प्रदर्शनों का अलग-अलग तरीके से सामना किया। वहीं, भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था ने समय के हिसाब से खुद को ढाल लिया।

## टीएमसी का ममता गुट बैंक-अकाउंट इस्तेमाल न करे : कोलकाता हाईकोर्ट

### 804 करोड़ जमा, अगली सुनवाई छुट्टियों के बाद

**इनकार**

तमसा संकेत, एजेंसी



- कोर्ट ने कहा- पहले का आदेश गलत
- दो टीएमसी गुटों के दावे पर चुनाव आयोग का फैसला बाकी

नई दिल्ली । ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले TMC गुट को पार्टी के चार बैंक खाते चलाने की अंतरिम अनुमति देने से इनकार कर दिया है। इन खातों में करीब 804 करोड़ जमा हैं और पुलिस ने इनसे निकासी पर रोक लगा रखी है।

कोलकाता हाई कोर्ट ने गुरुवार को इसी मामले पर सुनवाई करते हुए कहा कि ऐसी राहत देने से उसके पहले के आदेश का असर खत्म हो जाएगा। उस आदेश में राजनीतिक दल के रोजमर्रा के खर्च पूरे करने की अनुमति दी गई थी।

मामले की अगली सुनवाई दुर्गा पूजा की छुट्टियों के बाद होगी। कोर्ट ने इससे पहले दोनों पक्षों को अपना-अपना पक्ष बताते हुए हलफनामे दाखिल करने का निर्देश दिया। कोलकाता हाईकोर्ट के जस्टिस सौगत भट्टाचार्य ने कहा कि चार खातों को चलाने की आगे अनुमति देने का आदेश उनके पहले के आदेश को “गलत” साबित कर देगा। >> (शेष पेज 06 पर)

# खड़गे ने परिसीमन को लेकर पीएम मोदी को चिट्ठी लिखी

### कहा-लोकसभा सदस्यों की संख्या अगले 25 साल तक 543 ही रखें

**मांग**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को पीएम नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखकर परिसीमन पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की। खड़गे ने मोदी से आग्रह किया कि वे परिसीमन के लिए सरकार के प्रस्तावों को सभी राजनीतिक दलों के साथ शेयर करें। उन्होंने सभी दलों और राज्य सरकारों को इन प्रस्तावों का अध्ययन करने के लिए पर्याप्त समय देने को कहा। >> (शेष पेज 06 पर)





- रिजिजू ने कहा था- विशेष सत्र बुलाना सरकार का फैसला
- 17 अप्रैल को प्रस्ताव लोकसभा में गिर गया था

### खड़गे बोले- पहले भी पीएम को लेटर लिखा था

खड़गे ने कहा, ‘मैंने इससे पहले 16 जुलाई को पीएम को पत्र लिखकर परिसीमन के लिए सरकार के प्रस्तावों पर चर्चा करने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाने का अनुरोध किया था।’ कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ‘केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के संसद का विशेष सत्र बुलाने के संकेत दिए जाने के बाद मैं कहना चाहता हूं कि कृपया फिर से जबरदस्ती करने की कोशिश न करें, जैसा कि आपने 16 और 17 अप्रैल को किया था।’

**फास्ट न्यूज**

### दिल्ली- 21 साल की मॉडल की घर में घुसकर हत्या

नई दिल्ली। दिल्ली के तिलक नगर इलाके में बुधवार शाम 21 साल की मॉडल की उसके घर में घुसकर हत्या कर दी गई। आरोप जिम ट्रेनर इमरान पर लगा है। वह पिछले कुछ समय से युवती को जानता था।

**संकेत अनुमान**

### सर्वे-आज चुनाव हुए तो एनडीए को 326 सीटों का अनुमान

नई दिल्ली। अगर आज लोकसभा चुनाव होते हैं, तो BJP के नेतृत्व वाले NDA को लोकसभा में 543 में से 326 सीटें मिल सकती हैं। इंडिया टुडे के 'मूड ऑफ द नेशन' (MOTN) सर्वे के मुताबिक, NDA अभी भी मजबूत स्थिति में है। हालांकि, उसकी लोकप्रियता में कमी के संकेत भी दिख रहे हैं।

अभी चुनाव हुए थो भाजपा को 261 सीटें मिल सकती हैं। साल 2024 के लोकसभा चुनावों में NDA ने 293 सीटें जीती थीं। खुद BJP की सीटें 303 से घटकर 240 हो गई थीं।

## पंजाब के हड़ताली मुलाजिमों पर सरकार करेगी कार्रवाई

### आप सरकार ने गैरहाजिर रहने वालों की लिस्ट मांगी

**तैयारी**

तमसा संकेत, एजेंसी



लुधियाना/जालंधर/अमृतसर/मोहाली । पंजाब में महा हड़ताल करने वाले मुलाजिमों पर आम आदमी पार्टी (AAP) कड़ी कार्रवाई की तैयारी में है। सरकार ने बिना परमिशन के ड्यूटी से गैरहाजिर मुलाजिमों की लिस्ट तलब कर ली है। इसके लिए सेक्रेटरी लेवल के अफसरों को आज का ही टाइम दिया गया है। सरकार उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी।

इस आदेश में सरकार का तर्क है कि इनके काम न करने की वजह से लोगों को परेशानी हुई। इस संबंध में कई जगहों से लोगों की शिकायतें आई हैं। अफसरों के ड्यूटी पर न होने की वजह से लोग परेशान हुए। उन पर सर्विस रूल्स के तहत कार्रवाई होगी।

इससे पहले CM भगवंत मान ने भी मुलाजिमों को लेकर कड़ा रुख दिखाया। उन्होंने मुलाजिमों से जालंधर में एक बजे की मीटिंग तय की थी। उससे पहले ही उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि हड़ताल खत्म करो, तभी बातचीत होगी। दोनों चीजें साथ नहीं चलेंगी। >> (शेष पेज 06 पर)

### ड्रोन से क्रायोजेनिक रॉकेट इंजन तक, यूपी में नए आइडिया को मिल रहा सरकार का साथ

# बढ़ेगा इनोवेशन का दायरा : फाउंडर्स

**सराहना**

**चेक के साथ सीएम योगी का भरोसा, स्टार्टअप फाउंडर्स बोले - यूपी में बढ़ा है अवसर**

**योगी सरकार की नीति से महिला फाउंडर्स को प्रोत्साहन, एडूबुक ने 50 प्रतिशत महिला स्टाफ को दिया मौका**

हेमन्त कृष्ण



तमसा संकेत, लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार, 27 अगस्त को यूपी स्टार्टअप नीति-2026 का शुभारंभ किया। राज्य के 107 स्टार्टअप्स को 3.42 करोड़ से ज्यादा की प्रोत्साहन राशि दी। 9 ऐसी संस्थाओं (इनक्यूबेटर्स) को भी 1.79 करोड़ बांटे, जो नए स्टार्टअप्स को शुरू करने और आगे बढ़ाने में मदद करते हैं।

उन्होंने कहा- ‘उत्तर प्रदेश अब तेजी से बदल रहा है। कभी खराब कानून-व्यवस्था, दंगे और गड्ढों वाली सड़कों के लिए पहचाने जाने वाला यूपी आज देश के बड़े स्टार्टअप हब के तौर पर आगे बढ़ रहा है। अब प्रदेश का युवा नौकरी मांगने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बन रहा है। योगी ने कहा कि सरकार ने 2019 में सिडबी के साथ मिलकर स्टार्टअप फंड शुरू किया था। नई स्टार्टअप पॉलिसी में युवाओं के लिए इंसेंटिव भी बढ़ाए गए हैं। उन्होंने विश्वविद्यालयों और डिग्री कॉलेजों से कहा है कि पढ़ाई सिर्फ किताबों और सिलेबस तक सीमित न रहे। कॉलेजों में रिसर्च और इनोवेशन का माहौल बनाया जाए। इसके लिए सरकार ने विश्वविद्यालयों के रिसर्च फंड में भी बढ़ोतरी की है। >> (शेष पेज 06 पर)

**यूपी के स्टार्टअप्स को योगी सरकार का भरोसा**

### '25 करोड़ की आबादी बोझ नहीं, ताकत'

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी की करीब 25 करोड़ आबादी को अक्सर चुनौती के तौर पर देखा जाता है, लेकिन सरकार इसे प्रदेश की सबसे बड़ी ताकत मानती है। उन्होंने कहा कि यूपी के पास देश की सबसे बड़ी युवा आबादी है। खास बात यह है कि प्रदेश के 24 हजार से ज्यादा स्टार्टअप्स में से करीब आधे स्टार्टअप महिलाएं चला रही हैं।

### आरोप : अखिलेश यादव का भाजपा पर हमला, कहा- समय आने पर पूरे मामले की होगी जांच

# ‘भाजपा सरकार नहीं दुकान है’

- “जेपी को बेच दिया, भाजपा उनके नाम पर बनी बिल्डिंग के लिए खलनायक”
- 6 हजार करोड़ से अधिक की कीमत होने का दावा
- शाने-अवध और अन्य संपत्तियों की बिक्री पर भी सवाल
- “दस साल तक जेपीएनआईसी की जांच क्यों होती रही?”


तमसा संकेत, एजेंसी




लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जेपीएनआईसी को निजी हाथों में बेचे जाने के मुद्दे पर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने लोकनायक जय प्रकाश नारायण के नाम और उनकी विचारधारा से जुड़ी विरासत का भी सौदा कर दिया है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार नहीं बल्कि दुकान है, जो सरकारी संपत्तियों को बेच रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने जेपी यानी जय प्रकाश नारायण को बेच दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा लोकनायक जय प्रकाश नारायण के काम, सोशलिस्ट मूवमेंट और उनके नाम पर बनी जेपीएनआईसी जैसी इमारत के लिए खलनायक की भूमिका में है। उन्होंने कहा कि जय प्रकाश नारायण ने संपूर्ण क्रांति का आह्वान कर युवाओं को जागरूक किया और देश की राजनीति में बड़ा बदलाव लाने का काम किया था। अखिलेश यादव ने कहा कि जेपीएनआईसी करीब 18 से 20 एकड़ क्षेत्र में बनाया गया था। इसमें ऑडिटोरियम, दो हजार से अधिक क्षमता वाला कन्वेंशन सेंटर, बड़े हॉल, स्विमिंग पूल, बैडमिंटन, टेनिस और स्क्वैश कोर्ट, जिम, रेस्टोरेंट, हेलीपैड और पार्किंग जैसी सुविधाएं थीं। >> (शेष पेज 06 पर)

### जेपीएनआईसी बेचने में घोटाले का आरोप

गुरुवार को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार के कार्यकाल में गोमतीनगर में जेपीएन-आईसी का निर्माण कराया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने इसे घोटाला करके बेच दिया है और इसमें कई सौ करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है।






## बेंगलुरु में नेशनल लॉ स्कूल का दीक्षांत समारोह हुआ रद्द

### सीजेआई सूर्यकांत चीफ गेस्ट थे, छात्रों ने विरोध किया

**बदलाव**

तमसा संकेत, एजेंसी





NALSAR, हैदराबाद

- बेंगलुरु में 700 से ज्यादा छात्रों ने किया विरोध

नई दिल्ली। CJI सूर्यकांत को चीफ गेस्ट बनाए जाने के विरोध के बीच गुरुवार को बेंगलुरु नेशनल लॉ स्कूल (NLSIU) ने 12 सितंबर को होने वाला अपना दीक्षांत समारोह रद्द कर दिया। यहां के छात्र और पूर्व छात्रों के CJI को चीफ गेस्ट बनाने का विरोध कर रहे थे।

यूनिवर्सिटी ने 27 अगस्त को यह जानकारी दी, हालांकि नोटिस में छात्रों के विरोध का जिक्र नहीं है। पिछले एक महीने में यह चौथा संस्थान है, जहां CJI के विरोध के बाद दीक्षांत समारोह को या तो कैंसिल कर दिया गया या उसका मुख्य अतिथि बदल दिया गया।

NLSIU, बेंगलुरु के 700 से ज्यादा मौजूदा और पूर्व छात्रों ने CJI सूर्यकांत और बार काउंसिल ऑफ इंडिया (BCI) के चेयरमैन मनन कुमार मिश्रा को दीक्षांत समारोह में आमंत्रित किए जाने पर आपत्ति जताई थी। >> (शेष पेज 06 पर)

### अवकाश की सूचना

15 अगस्त 2026, शनिवार को स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर ‘तमसा संकेत’ के सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, समाचार पत्र वितरक बंधुओं एवं समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

15 अगस्त 2026, शनिवार को स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व के कारण ‘तमसा संकेत’ कार्यालय बंद रहेगा। अतः अगला अंक 17 अगस्त 2026, सोमवार को प्रकाशित होगा।
— संपादक

## रक्षाबंधन मनाने जा रहे थे, ड्राइवर बाथरूम के लिए उतरा, ट्रक ने टक्कर मारी

# घटना : पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर अचानक बस रोकी, 3 की मौत

दुर्घटना

तमसा संकेत, एजेंसी

अयोध्या/सुल्तानपुर । यूपी के सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बस को ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में 3 यात्रियों की मौत हो गई। 20 यात्री घायल हैं। इनमें 5 गंभीर हैं। गुरुवार तड़के 5.30 बजे ड्राइवर को पेशाब लगी। उसने एक्सप्रेस-वे पर थोड़ा किनारे करके बस रोक दी। नीचे उतरकर चला गया। तभी तेज रफ्तार ट्रक आया और पीछे से बस में घुस गया।

टक्कर इतनी भीषण थी कि 4-5 फीट बस पिचक गई। बस में चीख-पुकार मच गई। हादसे के वक्त ज्यादातर यात्री सो रहे थे। पिछले हिस्से की 3-4 सीट पर बैठे यात्री खून से लथपथ हो गए। बस गुड़गांव से गोरखपुर के रास्ते बिहार जा रही थी। 80 यात्री सवार थे।



बल्दीराय थाना क्षेत्र के सीओ आशुतोष कुमार ने बताया- हादसे में 3 की मौत हो गई। कई यात्री घायल हैं। क्रेन से बस को हटाया गया। मृतकों के परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी है।

### हादसे में मां की मौत, बेटा घायल

हादसे में घायल एक यात्री सुशील मंडल ने बताया- मैं और मेरी मां किरन देवी गुड़गांव से बस में सवार हुई थीं। हमें रक्षाबंधन पर सुपौल जाना था। 2,800 रुपए का टिकट लिया था। बस में काफी भीड़ थी, इसलिए पीछे की सीट मिलीं। हम हरियाणा में रहते हैं। यहीं फैक्ट्री में मजदूरी करते हैं। मां को मामा को राखी बांधने जाना था। इसलिए हम दोनों दो दिन पहले ही घर के लिए निकले थे। हादसे में मां की मौत हो गई।



### गुड़गांव से शाम 4 बजे चली थी, ड्राइवर ने उतरते वक्त गेट बंद किए

बस सवार यात्रियों ने बताया- स्लीपर बस मां शीतला ट्रैवल की थी। गुड़गांव से टिकट बुक कराई थी। बुधवार शाम 4 बजे बस वहां से रवाना हुई। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर ड्राइवर बार-बार बस रोककर सवारियों को उतार और चढ़ा रहा था।

यात्रियों ने कई बार उसे मना किया, लेकिन उसने उनकी बात नहीं मानी। एक्सप्रेस-वे के किनारे बस खड़ी कर बाथरूम चला गया। बस का दरवाजा बंद होने की वजह से कोई यात्री नीचे नहीं उतर पाया। इसी दौरान हादसा हो गया।

हादसे में जिन 3 यात्रियों की मौत हुई। उनमें एक महिला, दो पुरुष हैं। सभी बिहार के रहने वाले थे। इनकी शिनाख्त श्यामलाल मंडल, विनोद मंडल (50) और किरन देवी (60) के रूप में हुई है। पुलिस CCTV फुटेज खंगालकर टक्कर मारने वाले ट्रक की तलाश कर रही है।

# आगरा शिक्षक खंड निर्वाचन की मतदाता सूची पर सपा ने उठाए सवाल

## 15 हजार से अधिक फर्जी मतदाता बनाने का आरोप

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी ने आगरा शिक्षक खंड निर्वाचन-2026 (उत्तर प्रदेश विधान परिषद) की मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर फर्जी नाम शामिल किए जाने का आरोप लगाया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश को ज्ञापन सौंपकर मामले की तत्काल जांच कराने की मांग की है।

सपा का आरोप है कि आगरा शिक्षक खंड निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, हाथरस, अलीगढ़, एटा, कासगंज, फर्रुखाबाद, इटावा, औरैया और कन्नौज में 15 हजार से अधिक ऐसे शिक्षकों को मतदाता बनाया गया है,




जो पार्टी के अनुसार फर्जी हैं। सपा ने आरोप लगाया कि करीब 125 विद्यालय भी अस्तित्व में नहीं हैं और इन विद्यालयों के नाम पर फर्जी शिक्षकों के आधार पर मतदाता सूची में नाम जोड़े गए हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि आगरा के जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से आरटीआई के माध्यम से मिली जानकारी में 26 से अधिक ऐसे विद्यालयों का उल्लेख है, जिनमें मतदाता बनाए गए हैं, लेकिन वे विद्यालय अस्तित्व में नहीं हैं। पार्टी ने इन दावों को मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं का प्रमाण बताते हुए जांच की मांग की है।

### एक विद्यालय के नाम पर 22 फर्जी शिक्षकों का आरोप

सपा ने आगरा स्थित श्री गोपाल सिंह इंटर कॉलेज, जलेसर रोड, मुड़ी चौराहा का भी मामला उठाया है। पार्टी के मुताबिक कॉलेज के प्रधानाचार्य ने लिखित रूप से बताया है कि विद्यालय के नाम से मतदाता बनाए गए 22 शिक्षक वास्तव में उस कॉलेज में शिक्षक नहीं हैं। सपा ने कहा कि इससे मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं।

फास्ट न्यूज

### आश्वासन मिलने पर बिजली टॉवर से उतरा युवक

मेजा । प्रयागराज के मांडा इलाके में सुशील नामक युवक ने बिजली के टॉवर पर चढ़कर कई घंटे तक परेशान किया। बारिश से फसल बर्बाद होने पर मुआवजे न मिलने से नाराज युवक ने टॉवर पर चढ़कर जान देने की धमकी दी। इसके बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी उसे समझाते रहे। सुबह दस बजे के करीब टॉवर पर चढ़ा युवक शाम चार बजे उतरा।

### स्कूल का वीडियो बनाने वाले आप नेता को जेल

वाराणसी । वाराणसी में आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मुकेश सिंह को पुलिस ने गुरुवार दोपहर गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने पार्टी के 'स्कूल ठीक करो' अभियान के तहत एक बंद पड़े सरकारी स्कूल का वीडियो 'X' पर पोस्ट किया था। आदमपुर पुलिस ने उन्हें संपर्क के दौरान कार्यकर्ताओं के बीच से हिरासत में लिया। दरअसल, मुकेश सिंह के खिलाफ भ्रामक जानकारी फैलाने के आरोप में केस दर्ज किया गया था। प्राथमिक विद्यालय कोनिया के प्रिंसिपल कमलेश दत्त पांडेय ने आदमपुर थाने में उनकी शिकायत की थी।

### काशी में बहनों ने भाई की लाश को राखी बांधी

वाराणसी। वाराणसी में भाई की लाश को 3 बहनों ने राखी बांधी और तिलक लगाकर अंतिम विदाई दी। शव से लिपटकर फूट-फूटकर रोईं। कहा- भाई हर साल कोई न कोई गिफ्ट देकर सरप्राइज करता था। अबकी ऐसा सरप्राइज दिया, जो बर्दाश्त नहीं। जिस घर में त्योहार पर हंसी-खुशी होनी थी, वहां अब सिर्फ रोने की आवाजें हैं। अब परिवार को कौन संभालेगा?

# ट्रैक्टर चोरी के शक में मजदूर को पीट-पीटकर मार डाला

## वाराणसी में भट्ठा मालिक समेत दो गिरफ्तार

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी । वाराणसी में ईंट भट्ठे के मालिक ने ट्रैक्टर चोरी के शक में मजदूर को पीट-पीटकर मार डाला। उसने अपने लोगों से मजदूर को पेड़ से बंधवाया। फिर दो लोगों के साथ मिलकर उसकी पिटाई की थी। पुलिस ने बुधवार देर रात ईंट-भट्ठे के मालिक और उसके दोस्त को गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को हत्या का खुलासा किया है।

दरअसल, गोसाईपुर में 5 दिन पहले संदिग्ध हालत में मजदूर का शव मिला था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में शरीर पर गंभीर चोटों के निशान दिखे थे। पुलिस को घटना की जांच में छोटा सा वीडियो भी हाथ लगा। जिसमें मजदूर को एक व्यक्ति पकड़े हुए है। जबकि, दूसरा उसे पीट रहा है। चंदौली के धरायन गांव, धानापुर के रहने वाले राम जन्म वनवासी (45) की शादी चोलापुर की बड़कीबारी निवासी सीता



वनवासी से हुई थी। वह पिछले करीब चार महीने से पत्नी के साथ ससुराल में रह रहा था। रामजन्म अपने ससुर के साथ स्थानीय ईंट-भट्ठे पर मजदूरी करता था। पत्नी सीता के अनुसार, वह करीब एक साल से चौबेपुर के कादी कला स्थित स्टार मार्का ईंट-भट्ठे पर काम कर रही थी। जून में भट्ठा बंद होने के बाद वह पति के साथ मायके बड़कीबारी में रहने लगी थी। सीता ने पुलिस को बताया कि 20 अगस्त की शाम रामजन्म स्टार मार्का ईंट-भट्ठे पर गया था। वहां भट्ठा मालिक अजय सिंह, उसके दोस्त विशाल सिंह और कुछ अन्य लोगों ने रामजन्म पर ट्रैक्टर चोरी का शक जताया।

## इनकी नौकरी बचाने के लिए सरकार विशेष परीक्षा कराएगी

# यूपी टीईटी का रिजल्ट जारी 62 हजार टीचर हुए फेल

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज। यूपी TET एग्जाम-2026 का रिजल्ट जारी हो गया है। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग (UPESSC) ने बुधवार रात 9 बजे आंकड़े जारी किए। प्राइमरी (कक्षा 1 से 5 तक) और जूनियर (कक्षा 6 से 8) लेवल के एग्जाम में 13 लाख से अधिक अभ्यर्थी पास हुए हैं। प्राइमरी का रिजल्ट 80.07 प्रतिशत और जूनियर का 71.85 प्रतिशत रिजल्ट रहा है। TET एग्जाम में 2,06,771 शिक्षक पास हुए हैं। अपनी नौकरी बचाने के लिए 2,68,799 शिक्षक इस परीक्षा में बैठे थे। 62,028 शिक्षक फेल हो गए। अब राज्य सरकार इन शिक्षकों के लिए विशेष




TET परीक्षा कराने की तैयारी में है। TET परीक्षा इसी साल 2, 3 और 4 जुलाई को प्रदेश के 60 जिलों में बनाए गए 955 केंद्रों पर कराई गई थी। परीक्षा कुल पांच पालियों में हुई, जिसमें दो पालियां प्राइमरी स्तर और तीन पालियां उच्च प्राथमिक स्तर यानी जूनियर के लिए आयोजित की गई थीं। इस साल कुल 19 लाख 94 हजार 661 अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। अभ्यर्थी अपना परिणाम, स्कोरकार्ड और कटऑफ आयोग की आधिकारिक वेबसाइट UPESSC पर जाकर देख सकते हैं। आयोग ने तकनीकी सहायता और अन्य जानकारी के लिए हेल्पलाइन एवं ई-मेल सुविधा भी उपलब्ध कराई है। आयोग के उपसचिव मनोज कुमार ने बताया कि परीक्षा कई पालियों में हुई थी और अभ्यर्थियों की संख्या भी ज्यादा थी। अलग-अलग पालियों के प्रश्नपत्रों के कठिनाई स्तर में अंतर को बराबर करने के लिए नॉर्मलाइजेशन (समानीकरण) प्रक्रिया अपनाई गई।

### प्राइमरी के लिए अभ्यर्थियों का प्रदर्शन सबसे अच्छा

प्राथमिक स्तर की परीक्षा में 7,13,648 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इनमें से 5,71,435 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए हैं। इस स्तर का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 80.07 रहा। उच्च प्राथमिक स्तर की परीक्षा में 10,57,021 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इनमें से 7,59,513 अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की। इस स्तर का कुल सफलता प्रतिशत 71.85 दर्ज किया गया।

प्राथमिक स्तर की परीक्षा में शामिल 1,22,405 शिक्षकों में से 93,387 शिक्षक सफल रहे, जो कुल 76.29 प्रतिशत है।

उच्च प्राथमिक स्तर की परीक्षा में शामिल 1,46,394 कार्यरत शिक्षकों में से 1,13,384 शिक्षक सफल हुए, जिसका सफलता प्रतिशत 77.45 रहा।



एग्जाम के दौरान महिला अभ्यर्थियों से कान की बाली और जूड़े उतरवा लिए गए थे।

# हनी ट्रैप में फंसाकर कराई युवक की हत्या

## मुख्य आरोपी के कहने पर फोन से बढ़ाई करीबी, वारदात वाले दिन फोन कर बुलाया

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज । प्रयागराज में युवक के अपहरण और हत्या के मामले में पुलिस की जांच में सनसनीखेज खुलासा हुआ है। पुलिस के मुताबिक, मोनू को अगवा करने के लिए आरोपियों ने हनी ट्रैप का सहारा लिया था। मुख्य आरोपी नेम कुमार और उसके भतीजे पुनीत ने अपनी ट्रैक्टर एजेंसी में काम करने वाली खुशबू मौर्य को इस साजिश में शामिल किया। नेम के कहने पर खुशबू ने मोनू से पहले रॉन्ग नंबर के बहाने फोन पर बातचीत शुरू की और धीरे-धीरे उसे अपनी बातों में फंसा लिया। घटना वाले दिन खुशबू ने ही फोन कर मोनू को पूरामुफ्ती थाने के पास बुलाया था। पुलिस के अनुसार, मोनू के वहां पहुंचते ही पहले से घात लगाए बैठे नेम कुमार और पुनीत ने उसे अगवा कर लिया। इसके बाद उसकी हत्या कर शव यमुना नदी में फेंक दिया। पुलिस शव की तलाश में जुटी है। पुलिस ने नेम कुमार से पूछताछ की तो उससे खुशबू के बारे में सवाल किए गए। पूछताछ में पता चला कि खुशबू उसी की ट्रैक्टर एजेंसी में काम करती थी। इसके बाद पुलिस ने खुशबू को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि नेम कुमार के कहने पर ही उसने मोनू को घटना वाले दिन फोन किया था और उसे पूरामुफ्ती थाने के पास बुलाया था।



एसीपी धूमनगंज रवि कुमार गुप्ता ने बताया कि बुधवार को करीब आठ घंटे तक यमुना में सर्च ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन शव नहीं मिला। गुरुवार को एक बार फिर नए सिरे से तलाश शुरू की जाएगी। पुलिस नदी के संभावित बहाव क्षेत्र और किनारे के गांवों में भी निगरानी कर रही है।

### मोबाइल की आखिरी कॉल ने खोला राज

मोनू की तलाश के दौरान पुलिस ने उसके मोबाइल फोन की कॉल डिटेल रिपोर्ट निकलवाई। सीडीआर की जांच में सामने आया कि घटना से पहले उसके मोबाइल पर अंतिम कॉल खुशबू मौर्य की थी। इस कॉल को पुलिस ने जांच की अहम कड़ी माना।



मुख्य आरोपी नेम व उसके भतीजे पुनीत के साथ खुशबू।

### 8 घंटे तक यमुना में चला सर्च ऑपरेशन

इधर बुधवार को मोनू के शव की तलाश में पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने करीब आठ घंटे तक यमुना नदी में सर्च ऑपरेशन चलाया। सुबह करीब 11 बजे से शाम सात बजे तक कौशांबी-चित्रकूट बॉर्डर पर महिला घाट के आसपास नदी में तलाश की गई। टीमों ने नदी में जाल भी डलवाया, लेकिन शव का कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक घटना को 6 दिन बीत चुके हैं। इस समय यमुना में पानी का बहाव काफी तेज है। ऐसे में आशंका है कि शव नदी की धारा में बहकर काफी दूर निकल गया होगा। इसी संभावना को देखते हुए प्रयागराज और कौशांबी में यमुना के किनारे बसे गांवों के आसपास भी पुलिस टीमों से खोजबीन कराई गई है।

# 'बीजेपी के मंत्री छात्रों के बीच जाएंगे तो क्या कहेंगे'

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज । कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने गुरुवार को प्रयागराज में भाजपा पर जमकर तंज कसा। प्रमोद तिवारी ने कहा कि वक्त का तकाज़ा देखिए, भारतीय जनता पार्टी का हर छोटा-बड़ा नेता राहुल गांधी की आलोचना करता था। जब से छात्रों की गूंज का कार्यक्रम सफलता के सारे कीर्तिमान तोड़ रहा है, तो भाजपाइयों की नींद उड़ गई है। प्रमोद तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री सलाह दे रहे हैं कि मंत्रीगण जाएं, सांसदगण जाएं, नेतागण जाएं... छात्रों से संवाद करें। उनसे बातचीत करके उनको किसी तरह संभालें। मोदी से मैं पूछना चाहता हूं जब ये जाएं छात्रों के बीच में तो ये क्या जवाब देंगे कि ये 13वां साल चल रहा है आपका। 12 पूरे हो चुके हैं। आप ही ने तो कहा था कि हर साल 2 करोड़ लोगों को नौकरियां दी जाएंगी, रोज़गार मिलेगा। उन्होंने कहा कि 13 साल का मतलब तो हो गया 26 करोड़। इस देश की आबादी कुल 140 करोड़ है तो आपके फॉर्मूले से हर परिवार में एक आदमी को नौकरी मिल जानी चाहिए थी, क्योंकि एक परिवार में 5, 6, 7 लोग होते हैं। प्रमोद तिवारी ने कहा कि इसका जवाब आपके मंत्री क्या देंगे, पूछना चाहता हूं? आपके नेतागण जाएंगे, तो इस बात का क्या जवाब देंगे? आप तो एक काम करते हो, फेंक देते हो। 10 साल, 15 साल बाद का टारगेट फिक्स करते हो लेकिन इसमें तो आपने 2 करोड़ वाली बात खुद ही कही थी।



कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने वीडियो जारी कर पूछा- 13 साल में 26 करोड़ नौकरियां कहां हैं

## संवाद : एक सपना, एक लक्ष्य, एक प्रतिबद्धता और एक उद्देश्यपूर्ण जीवन को बनाएं अपना मंत्रः वायु सेना प्रमुख

# 'वाग्देवी-ज्ञानवर्धन केन्द्र' का किया उद्घाटन

तमसा संकेत, संवाददाता

गोरखपुर। गोरखपुर के ग्राम माथाबारी में भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह का प्रेरणादायी दौरा शिक्षा, ग्रामीण विकास, युवा आकांक्षाओं, महिला सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को नई ऊर्जा देने वाला रहा। इस अवसर पर उन्होंने रामाश्रय ग्राम विकास केंद्र एवं सरस्वती गुरुकुल का भ्रमण किया तथा विद्यार्थियों, बच्चों और ग्रामीण समुदाय के साथ आत्मीय एवं सार्थक संवाद किया। कार्यक्रम में 50 से अधिक गांवों से आए विद्यार्थी एवं ग्रामीण सहभागी बने।

दौरे का प्रमुख आकर्षण ग्रामीण बालिकाओं के लिए स्थापित डिजिटल लाइब्रेरी 'वाग्देवी-ज्ञानवर्धन केन्द्र' का उद्घाटन रहा। यह केंद्र ग्रामीण बेटियों को आधुनिक डिजिटल संसाधनों, पुस्तकों, ज्ञान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। 'वाग्देवी-ज्ञानवर्धन केन्द्र' को केवल एक डिजिटल पुस्तकालय के रूप में नहीं, बल्कि ग्रामीण बालिकाओं के सपनों, प्रतिभा, आत्मविश्वास और संभावनाओं को नई उड़ान देने के माध्यम के रूप में विकसित किया गया है।



विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वायु सेना प्रमुख ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं है। शिक्षा के साथ संस्कार, चरित्र, अनुशासन, जिम्मेदारी और राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव विकसित होना भी आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से अपनी भारतीय पहचान पर गर्व करने तथा स्वयं को जिम्मेदार एवं सच्चे भारतीय नागरिक के रूप में विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने विशेष रूप से जेन अल्फा के बच्चों एवं युवाओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि तकनीक तेजी से बदल रही है और आज की पीढ़ी तकनीकी युग में आगे बढ़ रही है, लेकिन तकनीकी दक्षता के साथ मानवीय मूल्यों, संवेदनशीलता और मजबूत चरित्र का होना भी उतना ही आवश्यक है।

### जीवन के उद्देश्य और उसकी सार्थकता पर प्रकाश

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष संजय श्रीनेत ने जीवन के उद्देश्य और उसकी सार्थकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि केवल जन्म लेना महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि महत्वपूर्ण यह है कि व्यक्ति अपने जीवन को किस उद्देश्य के साथ जीता है और समाज एवं राष्ट्र के लिए क्या योगदान देता है। उन्होंने शहीद-ए-आजम भगत सिंह के जीवन का उदाहरण देते हुए युवाओं से अपनी प्रतिभा, ज्ञान और ऊर्जा को केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों तक सीमित न रखने तथा समाज और राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

- गोरखपुर के माथाबारी गांव में ग्रामीण विद्यार्थियों एवं जनसमुदाय से एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने किया आत्मीय संवाद
- 'वाग्देवी-ज्ञानवर्धन केन्द्र' का किया उद्घाटन, 50 से अधिक गांवों के विद्यार्थी एवं ग्रामीण हुए सहभागी
- तकनीकी दक्षता के साथ मजबूत चरित्र और मानवीय मूल्यों को भी विकसित करें युवाः एयर चीफ मार्शल

# बरेली मेयर को राखी बांधने आईं बहनें हुईं बेहोश

## कार्यक्रम में भगदड़ जैसे हालत, 20 हजार महिलाओं को बुलाया था

तमसा संकेत, एजेंसी

बरेली। बरेली मेयर डॉ. उमेश गौतम के रक्षाबंधन कार्यक्रम में गुरुवार दोपहर भगदड़ जैसे हालात हो गए। अफरा-तफरी के बीच कई महिलाएं बेहोश हो गईं। करीब 20 हजार महिलाओं को राखी बांधने के लिए बुलाया गया था। सुबह 10 बजे से महिलाएं बरेली क्लब ग्राउंड पहुंचने लगीं। 11 बजते-बजते मैदान में लगा पंडाल खचाखच भर गया था। इसके बाद न भीड़ संभली, न लाइन। महिलाएं बैरिकेडिंग पार कर मंच की तरफ बढ़ने लगीं। धक्का-मुक्की में कई महिलाएं गश खाकर गिर पड़ीं। जगह-जगह टूटी चूड़ियां और चप्पलें पड़ी थीं। कई बच्चे भीड़ में अपने परिवार से बिछड़ गए। मंच से बार-बार बच्चों के नाम और घरवालों के बारे में अनाउंसमेंट करना पड़ा। मंच से उपहार के बैग बांटे जाने शुरू हुए तो भीड़ उनपर टूट पड़ी। उपहार लेने की होड़ में महिलाएं एक-दूसरे पर गिरने लगीं। धक्का-मुक्की का फायदा उठाकर कुछ लोगों ने महिलाओं के मोबाइल और पर्स चुरा लिए। कई महिलाओं ने सोने की चेन, मोबाइल और पर्स से नकदी चोरी होने की शिकायत की। देखते ही देखते कार्यक्रम अव्यवस्था और अफरा-तफरी में बदल गया।



### मेयर ने 20 हजार महिलाओं को बुलाया

बरेली मेयर डॉ. उमेश गौतम और उनके बेटे पार्थ गौतम ने रक्षाबंधन के एक दिन पहले बरेली क्लब ग्राउंड में रक्षाबंधन उत्सव का आयोजन था। इस विशाल कार्यक्रम में शहर और देहात से लगभग 20 हजार महिलाओं को राखी बंधवाने के लिए बुलाया गया था।

सुबह 10 बजे से ही महिलाओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया। खराब मौसम और बारिश के चलते अधिकांश महिलाएं क्लब परिसर में लगाए गए।

## बेटियों ने मांगा सुरक्षा का भरोसा, रक्षाबंधन पर जिलाधिकारी ईशा प्रिया से मिले बच्चे

# डीएम-एसपी की कलाई पर सजी राखी

### एसपी प्राची सिंह से बालिकाओं ने किया संवाद, सुरक्षा को लेकर मिला भरोसा

**मुलाकात**

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। रक्षाबंधन के पर्व पर गुरुवार को जिले में बच्चों और बालिकाओं ने अलग अंदाज में पर्व मनाया। बच्चों ने जिलाधिकारी ईशा प्रिया की कलाई पर राखी बांधी। वहीं बालिकाओं ने पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह से मुलाकात कर उन्हें राखी बांधी। दोनों अधिकारियों ने बच्चों से बातचीत की और उनकी बातें सुनीं।

जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे बच्चों से ईशा प्रिया ने पढ़ाई, रुचियों और रोजमर्रा की गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों से बातचीत कर उनकी बातों को ध्यान से सुना।

डीएम ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ने के लिए कहा। उन्होंने सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के स्नेह का पर्व नहीं है। यह विश्वास, सुरक्षा और सामाजिक सद्भाव की भावना को मजबूत करने का अवसर भी है।

उन्होंने जिले के लोगों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। साथ ही कमजोर और जरूरतमंद लोगों की सुरक्षा, सम्मान और सहयोग का संकल्प लेने की अपील की। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने कहा कि किसी भी तरह की समस्या होने पर बालिकाएं बिना झिझक पुलिस से संपर्क करें। उन्होंने कहा कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर है। उन्होंने बालिकाओं को अपनी समस्या खुलकर बताने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान बालिकाओं ने भी पुलिस से जुड़े सुरक्षा संबंधी विषयों पर संवाद किया।



> रक्षाबंधन के मौके पर दोनों कार्यालयों में हुए कार्यक्रमों में बच्चों और अधिकारियों के बीच सीधा संवाद हुआ। डीएम ने बच्चों को शिक्षा और लक्ष्य के प्रति जागरूक किया, जबकि एसपी ने बालिकाओं को सुरक्षा से जुड़ी जानकारी दी। इससे पर्व के साथ बच्चों और प्रशासन के बीच संवाद का अवसर भी मिला।

**बालिकाओं ने एसपी को बांधी राखी**

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी रक्षाबंधन का आयोजन हुआ। बालिकाओं ने प्राची सिंह की कलाई पर राखी बांधी और उनके स्वस्थ व सुखद जीवन की कामना की।

एसपी ने बालिकाओं को पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बालिकाओं से बातचीत करते हुए उनकी सुरक्षा को लेकर भरोसा दिलाया।



# जिस अस्पताल में इलाज की उम्मीद, वहीं गंदगी का डेरा

### सीएचसी मीरानपुर अकबरपुर में सफाई व्यवस्था पर सवाल

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मीरानपुर अकबरपुर की सफाई व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। मरीजों और तीमारदारों का आरोप है कि अस्पताल के मुख्य गेट के बाहर इस्तेमाल किया हुआ सामान और कचरा बिखरा रहता है। परिसर में भी सफाई व्यवस्था ठीक नहीं होने की शिकायत है। प्रसाधन कक्ष में दुर्गंध और गंदगी की बात भी सामने आई है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार स्वच्छता पर जोर दिया जाता है। ऐसे में अस्पताल परिसर में सफाई को लेकर सामने आई शिकायतें व्यवस्था की निगरानी पर सवाल खड़े करती हैं।

अस्पताल परिसर में मच्छरों की मौजूदगी को लेकर भी मरीजों के परिजनों ने शिकायत की है। उनका कहना है कि दिन के समय भी मच्छर काफी संख्या में दिखाई देते हैं। स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की आवाजाही को देखते हुए मच्छर नियंत्रण और साफ-सफाई की व्यवस्था को महत्वपूर्ण माना जाता है। परिसर में कचरा जमा रहने से भी लोगों की चिंता बढ़ी है। स्थानीय स्तर पर सफाई कर्मचारियों की कमी और नियमित निगरानी नहीं होने जैसे कारणों की चर्चा है। हालांकि, इन कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।




**गेट से ही शुरू हो जाती है गंदगी**

मरीजों के परिजनों के मुताबिक अस्पताल पहुंचते ही मुख्य गेट के आसपास कचरा और इस्तेमाल किया हुआ सामान दिखाई देता है। उनका कहना है कि परिसर में नियमित सफाई होती नहीं दिखती। एक तीमारदार ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि प्रधान कक्ष के बाहर तक दुर्गंध महसूस होती है। प्रसाधन कक्ष की स्थिति को लेकर भी उसने असंतोष जताया।

**फास्ट न्यूज**

### सैदपुर बाजार की पान गुमटी का वीडियो वायरल

अंबेडकरनगर। जनपद मुख्यालय से जुड़े सैदपुर बाजार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो को लेकर दावा किया जा रहा है कि इसमें एक पान की गुमटी पर कथित रूप से गांजा की बिक्री होती दिखाई दे रही है। हालांकि, वीडियो की प्रामाणिकता और उसमें दिख रहे स्थान की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है।

### मानसिक तनाव को नजरअंदाज न करें

अंबेडकरनगर। महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर में बृहस्पतिवार को मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण समिति के निर्देशन में यूजीसी के तहत हुए कार्यक्रम में विद्यार्थियों और कर्मचारियों को तनाव, अवसाद और आत्महत्या जैसी गंभीर समस्याओं के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. अमित कुमार गुप्ता ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने आत्महत्या की रोकथाम और मानसिक तनाव से निपटने में समय पर चिकित्सकीय व मनोवैज्ञानिक सहायता लेने के महत्व पर जोर दिया।

### विज्ञान को किताबों तक सीमित न रखें

टांडा (अंबेडकरनगर)। सूरापुर स्थित ब्रेनसीड इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थी विज्ञान मंथन (VVM) 2026-27 के तहत छात्र अभिमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने, सवाल पूछने और दैनिक जीवन की घटनाओं को वैज्ञानिक नजरिये से समझने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# बच्चों ने स्वच्छता मित्रों की कलाई पर बांधा रक्षा सूत्र

### जीरो वेस्ट राखियों से पर्यावरण संरक्षण का संदेश

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। रक्षाबंधन के अवसर पर नगर पालिका परिषद अकबरपुर, आईटीसी मिशन सुनहरा कल और उमंग सुनहरा कल सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में डोएन इंटरनेशनल स्कूल, तमसा मार्ग में 'बंधन स्वच्छता का' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस-कर्मियों, स्वास्थ्य कर्मियों और स्वच्छता मित्रों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका परिषद अकबरपुर के अधिशासी अधिकारी राजमणि की मौजूदगी में हुआ। विद्यालय परिवार और विद्यार्थियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने खुद तैयार की गई जीरो वेस्ट राखियां बांधीं। विद्यार्थियों ने पुनर्चक्रित और पर्यावरण अनुकूल सामग्री से राखियां तैयार की थीं। सबसे पहले अधिशासी अधिकारी की कलाई पर राखी बांधी गई। इसके बाद कार्यक्रम में मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिसकर्मियों, स्वास्थ्य कर्मियों और स्वच्छता मित्रों को रक्षा सूत्र बांधा गया। इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को रक्षाबंधन के संदेश से जोड़ा।



■ डोएन इंटरनेशनल स्कूल में 'बंधन स्वच्छता का' कार्यक्रम

# डिपो में निजी बसों की एंट्री पर उठे सवाल पीआरडी जवान ने सीएम से की शिकायत

### यातायात सुरक्षा प्रभारी समेत दो पर रुपये लेने और ड्यूटी में दबाव बनाने के आरोप

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। अकबरपुर में निजी बसों के डिपो में प्रवेश को लेकर विवाद सामने आया है। यहां तैनात पीआरडी जवान अजय कुमार वर्मा ने यातायात सुरक्षा प्रभारी जय बहादुर यादव समेत दो लोगों के खिलाफ मुख्यमंत्री को शिकायत भेजी है। जवान ने निजी बसों के संचालन में कथित अनियमितता, रुपये लेने और ड्यूटी के दौरान दबाव बनाने के आरोप लगाए हैं।

जवान ने मामले की जांच अन्नावां बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर कराने की मांग की है। हालांकि, शिकायत में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

पीआरडी जवान ने यातायात सुरक्षा प्रभारी पर निजी बसों के संचालन के लिए कथित रूप से करीब छह हजार रुपये प्रतिमाह लेने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता के मुताबिक ड्यूटी के दौरान जब वह किसी निजी बस को रोकता है तो चालक या परिचालक यातायात सुरक्षा प्रभारी से फोन पर बात कराते हैं। इसके बाद बस को डिपो में प्रवेश देने का निर्देश मिलने का आरोप लगाया गया है। जवान ने यह भी कहा है कि कुछ मामलों में बस को रोकने पर उसे वाहन को जाने देने के लिए दबाव बनाया जाता था। शिकायत में वाहन को पत्रकार का बताकर छोड़ने के लिए कहे जाने का भी आरोप है। शिकायत में यातायात सुरक्षा बल में तैनात अच्छेलाल यादव पर तीन बसों को रुपये लेकर चलवाने का आरोप लगाया गया है। जवान ने उन पर धमकी देने और बसों को रोकने से मना करने के लिए दबाव बनाने का भी आरोप लगाया है। शिकायत के अनुसार ऐसा नहीं करने पर यातायात सुरक्षा प्रभारी से कहकर ड्यूटी दूसरे स्थान पर लगवाने की धमकी दिए जाने की बात कही गई है।

**ड्यूटी के दौरान बसों को रोकने पर विवाद**

शिकायत के अनुसार अजय कुमार वर्मा की ड्यूटी अन्नावां बाजार में यातायात व्यवस्था संभालने के लिए लगाई गई थी। डाइवर्जन के दौरान अकबरपुर डिपो में वाहनों की आवाजाही को लेकर मौखिक निर्देश दिए जाने का उल्लेख शिकायत में है।

जवान का आरोप है कि निजी बसों को भी निर्धारित व्यवस्था से अलग डिपो के अंदर जाने दिया जाता है। शिकायत में निजी बसों के आवागमन का समय दोपहर एक से ढाई बजे और शाम साढ़े तीन बजे से रात आठ बजे तक बताया गया है।

# काजीपुरा में सजी नातिया महफिल, कलाम से गूंजा मुशायरा

### शायरों और नातख्वानों ने पेश किए नातिया कलाम

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। काजीपुरा टांडा में शबाबुद्दयार के तत्वावधान में नातिया मुशायरे का आयोजन किया गया। हाजी मासूम रजा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम का संचालन कुमैल सिद्दीकी ने किया। मुशायरे में विभिन्न शायरों और नातख्वानों ने नातिया कलाम पेश किए। श्रोताओं ने देर तक कलाम सुने और सराहना की। सितारे उर्दू अवार्ड से सम्मानित मोहम्मद शफी नेशनल इंटर कॉलेज हंसवर के शिक्षक मोहम्मद असलम खान ने कहा कि नात पढ़ना और सुनना भी इबादत है। उन्होंने कहा कि नात कहना सिर्फ शायरी नहीं, बल्कि अकीदत और जज़्बात को अदब व एहतराम के साथ पेश करने का माध्यम है।

उन्होंने नातिया शायरी को उर्दू अदब की महत्वपूर्ण विधाओं में से एक बताया। कार्यक्रम के संचालक कुमैल सिद्दीकी ने कहा कि नातिया मुशायरे समाज में आपसी भाईचारे, प्रेम और सद्भाव का संदेश देते हैं। ऐसे आयोजनों में साहित्य और धार्मिक भावनाओं की अभिव्यक्ति के साथ लोगों के बीच संवाद का अवसर भी मिलता है।




मजाहिर अंसारी ने कहा कि नातिया मुशायरों से लोगों के दिलों में हुजूर-ए-अकरम मोहम्मद साहब के प्रति मोहब्बत और अकीदत का भाव मजबूत होता है। मुशायरे में तालिब रहमानी, इंसाफ टांड़वी, मोहम्मद ताहिर टांड़वी, अहमद सईद टांड़वी, मोहम्मद आलम टांड़वी, रिजवान टांड़वी, सिराज अनवर टांड़वी, तव्वाब हुसैन, जफर शब्बू, मतलूब टांड़वी, कुमैल डोंडवी और अर्शी टांड़वी समेत अन्य शायरों और नातख्वानों ने कलाम पेश किए।

# राखी की रौनक के बीच मिलावट का डर

### रंग-बिरंगी राखियों और मिठाइयों से सजे बाजार, कीमतों ने बढ़ाई चिंता

■ मिठाई बाजार पर निगरानी की जरूरत

■ खाद्य विभाग की जांच के बावजूद गुणवत्ता को लेकर सवाल

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। रक्षाबंधन से पहले जिला मुख्यालय और आसपास के बाजारों में खरीदारी तेज हो गई है। राखियों, उपहार सामग्री और मिठाइयों की दुकानों पर रौनक बढ़ी है। बाजार में ग्राहकों की भीड़ नजर आने लगी है। इसी बीच मिठाइयों की गुणवत्ता को लेकर सामने आ रही शिकायतों ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है।

चीनी की बढ़ती कीमतों के बीच मिठाई की कीमतों पर भी असर पड़ने की बात कही जा रही है। दूसरी ओर त्योहार के दौरान मिलावट की आशंका को लेकर उपभोक्ता सतर्क हैं। जिला मुख्यालय पर मिठाइयों की गुणवत्ता को लेकर समय-समय पर शिकायतें सामने आती रही हैं। त्योहार के दौरान मिठाइयों की मांग बढ़ने से खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर उपभोक्ता विशेष सतर्कता बरत रहे हैं।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से समय-समय पर दुकानों की जांच और नमूना संग्रह की कार्रवाई की जाती है। संदिग्ध खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए भेजे जाते हैं और नियमों के उल्लंघन की स्थिति में कार्रवाई का प्रावधान है। हालांकि, उपलब्ध जानकारी के आधार पर यह कहना उचित नहीं होगा कि बाजार में बिक रही सभी मिठाइयों में मिलावट है। गुणवत्ता संबंधी वास्तविक स्थिति जांच रिपोर्ट से ही स्पष्ट होती है। चीनी समेत कच्चे माल की कीमतों में बढ़ोतरी का असर मिठाई की लागत पर पड़ने की संभावना है। इससे त्योहार पर मिठाई खरीदने वाले परिवारों का बजट प्रभावित हो सकता है। ग्राहकों के सामने एक तरफ बढ़ती कीमतें हैं तो दूसरी तरफ मिठाई की गुणवत्ता को लेकर सावधानी बरतने की जरूरत है। ऐसे में लोग दुकानों पर मिठाई की ताजगी और गुणवत्ता देखकर खरीदारी कर रहे हैं। रक्षाबंधन पर मिठाइयों की बढ़ी मांग को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की जांच कार्रवाई महत्वपूर्ण हो जाती है। दुकानों पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, निर्माण और भंडारण व्यवस्था की जांच से उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने में मदद मिल सकती है।



**मिठाई की दुकानों पर बढ़ी चहल-पहल**

रक्षाबंधन को लेकर बाजार में रंग-बिरंगी राखियों की दुकानें सज गई हैं। गिफ्ट आइटम और मिठाई की दुकानों पर भी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। भाई-बहन के लिए राखी और उपहार खरीदने के साथ लोग मिठाई की खरीदारी भी कर रहे हैं। त्योहार नजदीक आने के साथ बाजार में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ी है। दुकानदारों ने भी मांग के अनुसार राखी, मिठाई और अन्य सामान की व्यवस्था की है।

# सरयू की तेज धारा में लापता जया का 36 घंटे बाद भी नहीं मिला सुराग

### चहोड़ा घाट पर 11 सदस्यीय एसडीआरएफ टीम ने संभाला मोर्चा

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। आलापुर के चहोड़ा घाट पर सरयू नदी में लापता हुई जोगीपुर बहिगवां ग्राम पंचायत निवासी जया पांडेय का 36 घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं मिला। दूसरे दिन भी नदी में सघन तलाशी अभियान जारी रहा। 11 सदस्यीय एसडीआर-एफ टीम ने स्टीमर और नाव के जरिए नदी के संभावित हिस्सों में खोजबीन की। आलापुर पुलिस और राजस्व विभाग की टीम भी मौके पर मौजूद रही।

नायब तहसीलदार रमेश चंद्र पांडेय ने चहोड़ा घाट पर पहुंचकर बचाव अभियान की निगरानी की। नदी की तेज धारा और गहराई के कारण तलाशी में चुनौती बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार जोगीपुर बहिगवां निवासी शैलेश पांडेय की बेटियां जया और शुभी बुधवार को चहोड़ा घाट पहुंची थीं। दोनों सरयू नदी के किनारे फोटो खींच रही थीं। इसी दौरान जया का पैर फिसल गया और वह तेज धारा में जा गिरी। बहन को नदी में जाता देख शुभी ने उसे बचाने के लिए नदी में छलांग लगा दी। दोनों को नदी में जाता देख घाट पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल बचाव का प्रयास शुरू किया। ग्रामीणों ने शुभी को नदी से बाहर निकाल लिया, लेकिन जया तेज बहाव में बह गई।



नदी से बाहर निकाली गई शुभी को तत्काल रामनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। पीएचसी अधीक्षक डॉ. आशीष राय की देखरेख में उसका उपचार किया गया। बताया गया कि शुभी की हालत खतरे से बाहर है। स्टीमर और नाव से संभावित स्थानों पर तलाश

जया के नदी में लापता होने के बाद से ही पुलिस और ग्रामीण उसकी तलाश में जुटे हैं। एसडीआरएफ टीम के पहुंचने के बाद अभियान को व्यापक किया गया है। स्टीमर और नाव से नदी के अलग-अलग हिस्सों में खोजबीन की जा रही है। टीम नदी की धारा और किनारों के आसपास भी निगरानी कर रही है। जलकुंभी और अन्य संभावित स्थानों को भी तलाश में शामिल किया गया है।

# मानसिक तनाव को नजरअंदाज न करें, समय पर लें विशेषज्ञ की मदद


### मेडिकल कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर में बृहस्पतिवार को मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण समिति के निर्देशन में यूजीसी के तहत हुए कार्यक्रम में विद्यार्थियों और कर्मचारियों को तनाव, अवसाद और आत्महत्या जैसी गंभीर समस्याओं के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. अमित कुमार गुप्ता ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने आत्महत्या की रोकथाम और मानसिक तनाव से निपटने में समय पर चिकित्सकीय व मनोवैज्ञानिक सहायता लेने के महत्व पर जोर दिया।

डॉ. अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि मानसिक परेशानी किसी के जीवन में भी आ सकती है। ऐसी स्थिति में इसे छिपाने के बजाय परिवार, चिकित्सक या काउंसलर से बात करना जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों और कर्मचारियों को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से लेने की बात कही। उन्होंने आसपास के लोगों के व्यवहार में होने वाले बदलावों पर ध्यान देने को कहा। जागरूकता कार्यक्रम में मानसिक तनाव और निराशाजनक परिस्थितियों से निपटने के लिए समय पर मदद लेने की आवश्यकता बताई गई। विद्यार्थियों और कर्मचारियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और जरूरत पड़ने पर चिकित्सकीय सहायता लेने की जानकारी दी गई।



**स्वीकृति : एक करोड़ से होगा कायाकल्प, 75 लाख की पहली किस्त जारी**

# मोतिगरपुर के प्राचीन आश्रम को मिलेगा पर्यटन स्थल का स्वरूप

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। विकासखंड बसखारी के ग्राम मोतिगरपुर स्थित परमहंस फलाहारी महाराज अंगिरा मुनि उर्फ झुल्लर दास आश्रम अब पर्यटन सुविधाओं से सुसज्जित होगा। आश्रम के सौंदर्यीकरण, पर्यटन विकास और यात्री सुविधाओं के विस्तार के लिए एक करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसमें से 75 लाख रुपये की पहली किस्त कार्यदायी संस्था को जारी हो चुकी है।

विधान परिषद सदस्य हरिओम पांडेय के प्रस्ताव पर यह धनराशि स्वीकृत हुई है। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी सीएनडीएस की अयोध्या इकाई को दी गई है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद गुरुवार को आश्रम परिसर में आयोजित कार्यक्रम में हरिओम पांडेय ने भूमि पूजन और शिलान्यास कर निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख बसखारी नरेंद्र मोहन सिंह मौजूद रहे। मोतिगरपुर का यह आश्रम धार्मिक और आध्यात्मिक परंपरा से जुड़ा स्थल है। परमहंस फलाहारी महाराज अंगिरा मुनि से जुड़े इस आश्रम में लंबे समय से साधना, धार्मिक अनुष्ठान और वेद-पाठ की परंपरा रही है। आश्रम में संतों और विद्यार्थियों के ठहरने की व्यवस्था के साथ धार्मिक गतिविधियां होती रही हैं। यहां श्रद्धालुओं और जरूरत-मंदों की सेवा तथा गौ सेवा भी की जाती है।





**यात्री शेड, टॉयलेट ब्लॉक और सोलर लाइट से बदलेगी तस्वीर**

पर्यटन विकास की राशि से आश्रम परिसर में यात्री सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। यहां यात्री शेड और टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण होगा। पेयजल व्यवस्था के लिए समरसेबल पंप और बोरिंग कराई जाएगी। इसके साथ सेप्टिक टैंक, सॉकपिट, पेवर ब्लॉक इंटरलॉकिंग, साइनेज, स्टोन बेंच और सोलर एलईडी लाइट लगाई जाएंगी। परिसर में आरओ वाटर कूलर भी लगाया जाएगा। इन कार्यों से आश्रम में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए बैठने, पेयजल, शौचालय और परिसर की आवाजाही जैसी जरूरी सुविधाएं बेहतर होंगी।

# रक्षाबंधन से पहले स्कूलों में पहुंचा प्रशासन अफसरों की कलाई पर सजी राखी

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। रक्षाबंधन से एक दिन पहले गुरुवार को जिले के परिषदीय विद्यालयों में प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी ने बच्चों के लिए पर्व को खास बना दिया। जिलाधिकारी ईशा प्रिया के निर्देश पर जनपद स्तरीय अधिकारियों, उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों और अन्य अधिकारियों ने अलग-अलग विद्यालयों का रुख किया। अधिकारियों ने बच्चों के बीच पहुंचकर संवाद किया और उनकी जरूरतों व समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने अधिकारियों की कलाइयों पर रक्षासूत्र बांधा। अधिकारियों ने बच्चों को मिठाई खिलाकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं।

विद्यालयों में पहुंचे अधिकारियों ने विद्यार्थियों से उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। स्कूल में उपलब्ध व्यवस्थाओं और अन्य जरूरतों को लेकर भी बच्चों से बातचीत की गई।


अधिकारियों ने विद्यार्थियों की ओर से बताई गई समस्याओं को ध्यान से सुना। संबंधित समस्याओं के यथासंभव निस्तारण के लिए आवश्यक प्रयास करने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों को अपने बीच देखकर बच्चे उत्साहित नजर आए। विद्यार्थियों ने रक्षासूत्र बांधकर रक्षाबंधन मनाया। इसके बाद अधिकारियों ने बच्चों के साथ पर्व की खुशियां साझा कीं और उन्हें मिठाई वितरित की।



■ डीएम के निर्देश पर जिलेभर के परिषदीय विद्यालयों में पहुंचे अधिकारी, बच्चों से जाना पढ़ाई और स्कूल की व्यवस्थाओं का हाल

# सम्पादकीय

## अमेरिका की मनमानी



अमेरिका ने दुनिया भर में वीजा आवेदनों पर रोक लगाकर न केवल अप्रत्याशित फैसला लिया, बल्कि अपने मनमानेपन का भी परिचय दिया। वीजा आवेदन रोकने का फैसला घरेलू सुरक्षा को मजबूत करने के बहाने लिया गया है, लेकिन इसकी आड़ में अमेरिका अपनी वीजा नीति में ऐसे बदलाव कर सकता है, ताकि लोगों को अमेरिका आने से रोका जा सके। इससे आगे चलकर उसे ही नुकसान हो सकता है, क्योंकि दुनिया भर के प्रतिभाशाली लोग वहां पहुंचते हैं और उसकी समृद्धि में सहायक बनते हैं। इनमें बड़ी संख्या में भारतीय भी होते हैं। अमेरिकी प्रशासन के नवीनतम फैसले से भारतीयों पर बड़ा असर पड़ने की आशंका है। अमेरिकी प्रशासन ने हाल में वीजा फीस बढ़ाने के साथ उससे संबंधित नीतियों में ऐसे बदलाव किए हैं, जिनका बुरा असर खास तौर पर भारतीयों पर पड़ा है। एक समाचार के अनुसार अमेरिका के कालेजों में एडमिशन के लिए आवेदन करने वाले भारतीय छात्रों की संख्या पिछले साल के मुकाबले 15 प्रतिशत घटी है। अमेरिका केवल इसके ही प्रबंध नहीं कर रहा है कि दूसरे देशों से कम से कम लोग आएं, बल्कि वह अपने यहां पढ़ाई और नौकरी कर रहे लोगों के समक्ष भी मुश्किलें खड़ी कर रहा है।

एक समय जो अमेरिका यह सुनिश्चित करता था कि विश्व भर से प्रतिभाएं उसके यहां आएं, वह ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद फिर से महान बनने के नाम पर अपना अहित करने के साथ मित्र एवं सहयोगी देशों को तंग करने वाले फैसले ले रहा है। यह एक तथ्य है कि ट्रंप मित्र एवं सहयोगी देशों के लिए खास तौर पर परेशानी खड़ी कर रहे हैं। उनकी मनमानी टैरिफ नीति से सबसे अधिक प्रभावित देशों में अमेरिका के मित्र और सहयोगी देश ही हैं, जैसे कनाडा, दक्षिण कोरिया, जापान, भारत आदि। उन्होंने अपनी मनमानी विदेश नीति से भी यूरोप समेत अन्य मित्र देशों को तंग कर रखा है। गत दिवस अमेरिका ने ईरान पर और कड़े प्रतिबंध लगाने की जो घोषणा की, उससे प्रभावित होने वाले देशों में भारत भी है। अमेरिका हर मामले में मनमानी इसीलिए कर पा रहा है, क्योंकि डालर वैश्विक मुद्रा बनी हुई है। चूंकि अन्य मुद्राओं की तुलना में डालर कहीं अधिक मजबूत है, इसलिए अमेरिका उसका इस्तेमाल हथियार की तरह करने में लगा हुआ है। विश्व को यह समझना होगा कि अमेरिका डालर पर उसकी निर्भरता का बेजा लाभ उठा रहा है। चूंकि अमेरिका हर उस देश को छल-बल से निशाना बनाता है जो डालर के बजाय अन्य किसी मुद्रा में व्यापार करने की कोशिश करता है, इसलिए उसकी चौधराहट को चुनौती देने के लिए प्रमुख राष्ट्रों को एकजुट होना होगा। यदि ऐसा नहीं किया जाता तो अमेरिका संयुक्त राष्ट्र को धता बताकर अपनी मनमानी करता ही रहेगा।

# डोभाल की कूटनीति और भारत चीन संबंधों की नई करवट

अजीत डोभाल की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे सुरक्षा और कूटनीति को परस्पर विरोधी नहीं मानते। उनका दृष्टिकोण स्पष्ट है-मजबूत सुरक्षा-व्यवस्था ही प्रभावी कूटनीति की आधारभूमि बन सकती है।



भारत और चीन के संबंधों में पिछले कुछ वर्षों की तल्खी के बाद अब संवाद, संयम और व्यावहारिक सहयोग का एक नया दौर दिखाई दे रहा है। इसे किसी अचानक आए परिवर्तन के रूप में नहीं, बल्कि सुरक्षा, कूटनीति और राष्ट्रीय हितों को साथ लेकर चलने वाली एक दीर्घकालिक प्रक्रिया के रूप में देखना चाहिए। इस बदलते परिदृश्य में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण बनकर सामने आई है। 25 अगस्त को बीजिंग में चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ हुई 25वें दौर की विशेष प्रतिनिधि वार्ता ने इस प्रक्रिया को ठोस आधार दिया है। दोनों पक्षों ने सीमा पर शांति बनाए रखने, सीमा निर्धारण की दिशा में शीघ्र एवं सार्थक प्रगति करने तथा सैन्य-द्विपक्षीय संपर्क व्यवस्था को मजबूत करने पर सहमति बनाई है। डोभाल की बीजिंग यात्रा इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि यह केवल सीमा विवाद पर बातचीत नहीं थी। यह उस व्यापक प्रश्न पर विमर्श था कि क्या भारत और चीन प्रतिस्पर्धा के बावजूद सह-अस्तित्व, स्थिरता और पारस्परिक हितों का रास्ता तलाश सकते हैं। दोनों देशों ने दो अतिरिक्त सैन्य संपर्क-बिंदु और पूर्वी तथा मध्य क्षेत्रों में दो अतिरिक्त सैन्य दूरभाष संपर्क स्थापित करने पर सहमति जताई है। सीमा व्यापार, कैलाश-मानसरोवर यात्रा और सीमा-पार सहयोग को भी आगे बढ़ाने का निर्णय हुआ है। चीन के संदर्भ में भी भारत का संदेश यही रहा है कि सीमा पर शांति और स्थिरता के बिना द्विपक्षीय संबंधों का पूर्ण सामान्यीकरण संभव नहीं है। 25वें दौर की वार्ता में यही भारतीय दृष्टिकोण प्रमुखता से सामने आया। डोभाल का व्यक्तित्व केवल वार्ताकार का नहीं, बल्कि सुरक्षा रणनीतिकार का है। वे लंबे समय तक खुफिया तंत्र में रहे, विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में काम किया और बाद में खुफिया ब्यूरो के प्रमुख बने। भारत सरकार के अनुसार, उन्होंने पूर्वोत्तर, सिक्किम, जम्मू-कश्मीर, पंजाब और पाकिस्तान से जुड़े सुरक्षा मामलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे देश के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हैं। उनकी कार्यशैली में एक उल्लेखनीय संतुलन दिखाई देता है-जहां आवश्यक हो वहां कठोरता और जहां अवसर हो वहां संवाद। उड़ी के बाद की सर्जिकल कार्रवाई, बालाकोट की कार्रवाई, डोकलाम संकट के दौरान कूटनीतिक प्रयास और आंतरिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने में उनकी भूमिका इसी व्यापक दृष्टिकोण के उदाहरण माने जाते हैं। 2026 में उन्हें लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी राष्ट्रीय सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने में उनके योगदान को विशेष रूप से रेखांकित किया। भारत-चीन संबंधों का सबसे कठिन दौर वर्ष 2020 में गलवान घाटी की हिंसक झड़प के बाद आया। चार वर्षों तक सीमा पर सैन्य तनाव बना रहा। अक्टूबर 2024 में दोनों देशों के बीच सैनिकों की पूर्ण वापसी और संबंधित विवादों के समाधान के बाद संबंधों को धीरे-धीरे पटरी पर लाने की प्रक्रिया शुरू हुई। उसी वर्ष कजान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात में दोनों नेताओं ने सीमा पर शांति तथा मतभेदों को संबंधों की समग्र दिशा को प्रभावित न करने देने पर जोर दिया था। यही वह बिंदु था जहां डोभाल की भूमिका और महत्वपूर्ण हो गई। दिसंबर 2024 में विशेष प्रतिनिधि स्तर की बातचीत से शुरू हुई प्रक्रिया अब 25वें दौर तक पहुंची है। इस बार आठ बिंदुओं पर बनी सहमति संकेत देती है कि बातचीत केवल औपचारिकता नहीं रह गई है। सीमा निर्धारण और सीमा प्रबंधन के लिए विशेषज्ञ तथा कार्य समूहों को सक्रिय करना, वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गलतफहमी रोकने के लिए मौजूदा सैन्य एवं कूटनीतिक माध्यमों का उपयोग और नए संपर्क तंत्र बनाना व्यावहारिक विश्वास निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। भारत-चीन संबंध केवल सैनिक चौकियों और राजनयिक बैठकों तक सीमित नहीं हैं। दोनों देशों के बीच सभ्यतागत संपर्क भी रहा है। कैलाश-मानसरोवर यात्रा की पुनर्बहाली और विस्तार, सीमा व्यापार मार्गों को फिर खोलना तथा लोगों के बीच संपर्क बढ़ाना इसी व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है। 2026 में कैलाश-मानसरोवर यात्रा लिपुलेख और नाथू ला, दोनों मार्गों से संचालित हुई है। 25वें दौर की वार्ता में तीन निर्धारित सीमा व्यापार केंद्रों को फिर खोलने की प्रगति का स्वागत किया गया तथा व्यापार और तीर्थयात्रा को और मजबूत करने पर सहमति बनी। यह छोटा कदम नहीं है। सीमा पर सैनिकों की संख्या घटाना एक सुरक्षा उपाय है, लेकिन सीमा के दोनों ओर रहने वाले लोगों के लिए व्यापार और सांस्कृतिक संपर्क बढ़ाना दीर्घकालिक शांति की सामाजिक नींव तैयार करता है। शी जिनपिंग की संभावित भारत यात्रा एक अवसर भी है, परीक्षा भी है। इसी पृष्ठभूमि में 12-13 सितंबर, 2026 को नई दिल्ली में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन पर पूरी दुनिया की नजर है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग की भारत यात्रा की संभावना जताई जा रही है। यदि यह यात्रा होती है तो यह सात वर्षों में उनकी पहली भारत यात्रा होगी। विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार उनके साथ लगभग चार सौ अधिकारियों का बड़ा प्रतिनिधिमंडल भी आ सकता है। हालांकि 27 अगस्त तक चीन की ओर से उनकी यात्रा की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इसलिए शी की संभावित यात्रा को केवल एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भागीदारी नहीं माना जाना चाहिए। यह भारत-चीन संबंधों की वास्तविक दिशा को परखने का अवसर हो सकती है। वर्ष 2019 का चेन्नई संवाद अपेक्षाकृत सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ था, लेकिन उसके एक वर्ष बाद गलवान ने संबंधों को गहरे संकट में डाल दिया। अब यदि शी नई दिल्ली आते हैं तो दोनों देशों के पास उस टूटे हुए विश्वास को सावधानी से जोड़ने का अवसर होगा। लेकिन भारत को उत्साह में अपनी मूल सुरक्षा चिंताओं को पीछे नहीं छोड़ना चाहिए। अरुणाचल प्रदेश पर चीन के दावे, सीमा निर्धारण का लंबित प्रश्न और वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पारदर्शिता जैसी चुनौतियां अभी समाप्त नहीं हुई हैं। इसलिए भारत की नीति मित्रता की आकांक्षा, लेकिन राष्ट्रीय हितों पर कोई समझौता नहीं होनी चाहिए। डोभाल की विशेषता यही है कि वे संवाद को कमजोरी नहीं बनने देते और शक्ति को टकराव का पर्याय भी नहीं बनाते। उनकी कूटनीति में संदेश स्पष्ट है-भारत शांति चाहता है, लेकिन अपनी सुरक्षा कीमत पर नहीं, सहयोग चाहता है, लेकिन समानता के आधार परय संबंध सुधारना चाहता है, लेकिन सीमा की वास्तविकताओं को भुलाकर नहीं।

**ललित गर्ग**

## इन 9.5 वर्षों में ...

आदर अदीब पावेल बन्धु



# कानून व्यवस्था के नए मानक गढ़ता भयमुक्त सुरक्षित उत्तर प्रदेश



प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले 9.5 वर्षों में कानून व्यवस्था के क्षेत्र में व्यापक और ऐतिहासिक परिवर्तन देखने को मिला है। वर्ष 2017 में शुरू हुई सुशासन और जीरो टॉलरेंस की नीति ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को नई दिशा दी। अपराध और अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई, पुलिसिंग के आधुनिकीकरण, तकनीक के प्रभावी इस्तेमाल, त्वरित न्याय, महिला सुरक्षा और साइबर अपराध नियंत्रण के लिए किए गए प्रयासों ने उत्तर प्रदेश को भयमुक्त और सुरक्षित प्रदेश बनाने की दिशा में मजबूत आधार प्रदान किया है। इन 9.5 वर्षों की उपलब्धियां इस बात का प्रमाण हैं कि जब शासन की प्राथमिकता नागरिकों की सुरक्षा और सम्मान हो तो कानून व्यवस्था में व्यापक बदलाव संभव है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सत्ता संभालने के बाद स्पष्ट किया कि प्रदेश में कानून का राज सर्वोपरि होगा और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। इसी नीति के तहत पुलिस व्यवस्था को मजबूत किया गया और अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की गई। वहीं, सात बड़े महानगरों में पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था लागू होने से पुलिसिंग अधिक प्रभावी हुई तथा जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण और अपराध नियंत्रण में गुणात्मक सुधार आया।

इन 9.5 वर्षों में प्रदेश में सांप्रदायिक सौहार्द और सामाजिक शांति को भी मजबूती मिली है। वर्ष 2017 से अब तक सांप्रदायिक दंगा या जातिगत संघर्ष की कोई घटना नहीं हुई। यह उपलब्धि बताती है कि सरकार ने कानून व्यवस्था के साथ सामाजिक समरसता और शांति को भी समान प्राथमिकता दी है। इस दौरान दुर्दांत अपराधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की गई। अब तक 303 अपराधी मुठभेड़ में मारे गए तथा 12,202 घायल हुए। 23,601 इनामी अपराधियों को जेल भेजा गया। 87,835 अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट तथा 995 अपराधियों के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई। गैंगस्टर एक्ट के तहत 152 अरब 33 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की चल-अचल अवैध संपत्तियों का जब्तीकरण किया गया। चिन्हित माफिया और उनके गिरोह के सदस्यों तथा सहयोगियों के विरुद्ध भी सरकार ने निर्णायक कार्रवाई की। 1,494 लोगों के विरुद्ध 909 अभियोग पंजीकृत किए गए और 651 गिरफ्तारियां हुईं। 18 के विरुद्ध एनएसए तथा 802 के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। माफिया और अपराधियों द्वारा अवैध रूप से अर्जित 4,309 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की गई। इस कार्रवाई ने अपराध की समानांतर अर्थव्यवस्था पर प्रभावी प्रहार किया और अपराधियों के आर्थिक साम्राज्य को कमजोर किया। अपराध नियंत्रण की सफलता केवल कार्रवाई के आंकड़ों में नहीं अपितु अपराधों में आई कमी में भी दिखाई देती है। वर्ष 2016 की तुलना में डकैती में 84.75 प्रतिशत, लूट में 82.75 प्रतिशत, हत्या में 44.75 प्रतिशत, बलवा में 70.23 प्रतिशत, फिरौती के लिए अपहरण में 62.07 प्रतिशत, दहेज हत्या में 21.36 प्रतिशत तथा बलात्कार की घटनाओं में 58.17 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। ये आंकड़े पिछले 9.5 वर्षों में कानून व्यवस्था में आए सकारात्मक बदलाव को स्पष्ट रूप से रेखांकित करते हैं। महिला सुरक्षा को सरकार ने विशेष प्राथमिकता दी है। प्रदेश में सात नए महिला थाने, 78 महिला पुलिस चौकी परामर्श केंद्र तथा बड़ी संख्या में नए थाने और पुलिस चौकियां स्थापित की गई हैं। महिलाओं और कमजोर वर्गों के प्रति अपराधों पर त्वरित कार्रवाई के साथ-साथ पुलिस तंत्र को अधिक संवेदनशील बनाया गया है। मानव तस्करी की रोकथाम के लिए 75 एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट थानों में परिवर्तित की गई हैं। आपातकालीन पुलिस सहायता व्यवस्था यूपी-112 को भी पिछले 9.5 वर्षों में अत्याधुनिक बनाया गया है। वर्ष 2017 से 30 जून 2026 तक 7,16,84,344 आपात सहायता इवेंट तैयार कर नागरिकों को सहायता प्रदान की गई। वर्ष 2026 में यूपी-112 का रिस्पांस टाइम घटकर केवल 6 मिनट 11 सेकेंड रह गया।

## आकाश छूने को तैयार नई पीढ़ी

इस समय जेन-जी बहुत चर्चा में है। पिछले दिनों एक बैठक में इस नई पीढ़ी पर चर्चा चल निकली। किसी ने इनकी कार्यशैली के लिए मोबाइल को दोषी ठहराया तो किसी ने बदल रहे संस्कारों पर चिंता व्यक्त की। एक सज्जन ने बेहद सहजता से कहा, अरे, ये जेन-जी लोग उनके ये शब्द मेरे मन में गहराई तक ठहर गए। ये जेन-जी लोग का 'ये' शब्द मुझे बेचैन करता रहा। ऐसा क्यों हुआ कि हमारे और हमारे बच्चों के बीच दूरी दर्शाने वाला 'ये' शब्द खड़ा हो गया? जब देश के प्रधानमंत्री युवाओं को मेरे युवा मित्र कहकर संबोधित करते हैं, तो उसके पीछे गहरी दृष्टि छिपी होती है। वह दृष्टि युवा को खुद से सामने कुर्सी पर बैठाने की नहीं, बल्कि अपने पास बैठाने की होती है। वह युवा को संवाद का बराबर का साथी मानने का भाव है। जेन-जी को लेकर हमारी सबसे बड़ी उलझन वह पुराना और संकुचित चश्मा है जिसके जरिये हम उन्हें देखने की कोशिश कर रहे हैं। हर नई पीढ़ी अपने समय से कड़े सवाल करती रही है। वह हर बात पर पूछती है कि ऐसा क्यों है? जब महान स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह ने देश की स्वतंत्रता को सर्वोच्च और एकमात्र ध्येय मान लिया था, तब वे भी युवा ही थे, लेकिन उनके भीतर वही ज्वाला धधक रही थी, जो आज के युवाओं में है- व्यवस्थाओं को जस का तस स्वीकार न करने की जिद। युवा जानना चाहते हैं कि जो नियम तय किए गए हैं, वे वैसे ही क्यों हैं? यही प्रश्न पुरानी पीढ़ी को चुभने वाले लगते हैं। कल जब हम युवा थे, तब हमारे द्वारा पूछे गए प्रश्न हमारे बुजुर्गों को बेचैन कर देते थे। इस अंतर को हम साधारण शब्दों में जेनरेशन गैप यानी पीढ़ियों का अंतर कहते हैं। नई पीढ़ी पर आरोप है कि यह मोबाइल स्क्रीन में डूबी रहती है, लेकिन आरोप का एक सिरा हमारी ओर मुड़ता नजर आता है। क्या हमारे बच्चे हमें हाथ में कोई पुस्तक लिए देखते हैं? क्या खाने की टेबल पर स्मार्टफोन हमसे दूर रहता है? क्या हमने कभी उन्हें गांव की कच्ची पगडंडियों पर घुमाया है? क्या उन्हें दादी-नानी की स्मृतियों में छिपी पारिवारिक कथाएं सुनाई हैं? हमें एक कड़ा प्रश्न स्वयं से भी पूछना होगा- हमने मोबाइल फोन के बाहर की दुनिया को उनके लिए कितना सुंदर और आकर्षक बनाकर दिखाया है?

**- सुनील बंसल**

## प्रदेश के लोक...

केवल

# प्रदेश सरकार ने प्रदेश में स्थित आस्था स्थलों का कायाकल्प कर सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण पर दिया है बल

उत्तर प्रदेश की पहचान इसकी समृद्ध संस्कृति, गौरवशाली विरासत, उत्कृष्ट इतिहास और प्रगतिशील सोच से है। यह भूमि कला, साहित्य, संगीत और धर्म की महान विभूतियों की जन्मस्थली रही है। प्रदेश का संस्कृति विभाग समृद्ध इतिहास के संरक्षण, संवर्धन और विकास हेतु सतत् प्रयासरत है, ताकि इसकी बिरासत आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित रह सके।

प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के मार्गदर्शन में संस्कृत्ति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश की मूर्त-अमूर्त सांस्कृतिक विरासत एवं धरोहरों को संरक्षित संवर्धित एवं जनमानस में प्रचारित-प्रसारित करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। एडॉप्ट-ए-हेरिटेज नीति अपनी धरोहर, अपनी पहचान के अंतर्गत अभिरुचि की अभिव्यक्ति के माध्यम से अब तक 04 स्मारकों पर स्मारक मित्र के रूप में 05 वर्ष के लिए एम.ओ.यू. संपादित किया जा चुका है। प्रदेश सरकार प्रदेश की प्राचीन धरोहरों का बृहद अनुरक्षण कार्य भी करा रही है।

प्रदेश के लोक कलाकारों और उनकी प्रतिभा को देश दुनिया के समक्ष लाने के लिए संस्कृति विभाग द्वारा वृहद स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजनों की संख्या मात्र 415 थी वहीं, वर्तमान सरकार के कार्यकाल में हजारों कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित कराये जा रहे है। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2017 से पहले लगभग 300 कलाकारों द्वारा कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया जाता था। 2017 के बाद ''उत्तर प्रदेश संस्कृति उत्सव'' के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में भी कलाकारों को खोज कर उनका पंजीकरण कराया गया। संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश की आर्टिस्ट डायरेक्टरी में अब तक कुल 9532 कलाकार दलों का पंजीकरण हो चुका है जिसमें लगभग 24,750 कलाकार पंजीकृत हो चुके हैं।

उत्तर प्रदेश धार्मिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक स्थलों सहित विभिन्न सांस्कृतिक महत्वों का केन्द्र होने के कारण देश-विदेश के पर्यटक आकर्षित होकर प्रदेश में आते है। वर्ष 2025 में उत्तर प्रदेश में कुल 01 अरब 58 करोड़ से अधिक पर्यटक भ्रमण हेतु उत्तर प्रदेश में आकर पर्यटक स्थलों का भ्रमण किया है। उत्तर प्रदेश को घरेलू पर्यटक आगमन में देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

प्रदेश सरकार महापुरूषों तथा राष्ट्रनायकों को युवा पीढ़ी से जोड़ने तथा सांस्कृतिक पुनरोत्थान का कार्य कर रही है, ताकि भावी पीढ़ी अपने महापुरुषों एवं राष्ट्रनिर्माताओं पर गर्व कर सके। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल की स्थापना करते हुए तीन महापुरुषों, राष्ट्रनायकों की कांस्य प्रतिमा स्थापित की गयी है, जिसका उद्घाटन देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंन्द्र मोदी जी ने दिसम्बर, 2025 को किया है।

प्रदेश सरकार ने कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों को अनुदान दिये जाने की व्यवस्था की है। गाजियाबाद में कैलाश मानसरोवर भवन का निर्माण किया गया है। सिंधी समाज के सिंधु दर्शन के तीर्थ यात्रियों के लिए 20 हजार रुपये प्रतियात्री अनुदान दिये जाने की व्यवस्था की गई है।

## जरा हटके

## मिशन की संपूर्ण ...

डॉ0 सीमा गुप्ता

# अमेठी में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से संवरी रेनू देवी की जिंदगी, स्वयं सहायता समूह ने बनाया आत्मनिर्भर

प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत निर्धन एवं वंचित वर्ग की महिलाओं के सर्वांगीण सामाजिक-आर्थिक उत्थान के उद्देश्य से संचालित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन आज धरातल पर व्यापक एवं दूरगामी परिवर्तन ला रहा है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार के समन्वित दृष्टिकोण के अनुरूप ग्रामीण महिलाओं को केवल आर्थिक रूप से सक्षम बनाना ही नहीं, अपितु उन्हें निर्णय लेने की क्षमता, सामुदायिक नेतृत्व और सतत स्वावलंबन से युक्त करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। ग्रामीण अंचल के पारंपरिक सामाजिक ढांचे में महिलाओं की आर्थिक सक्रियता को बढ़ाने के लिए स्वयं सहायता समूहों के गठन और उनके क्षमता संवर्धन की एक सुव्यवस्थित संस्थागत प्रणाली स्थापित की गई है। इस वृहद अभियान के अंतर्गत राज्य के सभी जनपदों में त्रिस्तरीय सामुदायिक संस्थागत ढांचे का निर्माण किया गया है। ग्राम स्तर पर दस से पंद्रह महिलाओं को जोड़कर प्राथमिक स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जाता है। इन प्राथमिक समूहों को संगठित कर ग्राम संगठन और न्याय पंचायत अथवा विकास खंड स्तर पर संकुल स्तरीय संघों का सुदृढ़ नेटवर्क स्थापित किया गया है। यह व्यवस्था ग्रामीण महिलाओं को एक ऐसा लोकतांत्रिक और संस्थागत मंच प्रदान करती है, जहां वे अपनी सामूहिक शक्ति के माध्यम से न केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता हासिल करती हैं, बल्कि विभिन्न सामाजिक विषयों पर भी संगठित होकर कार्य करती हैं।

मिशन की संपूर्ण कार्यप्रणाली पांच मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित है, जिसे पंचसूत्र के रूप में अंगीकार किया गया है। इसके अंतर्गत समूह की नियमित साप्ताहिक बैठकें सुनिश्चित करना, सदस्यों द्वारा अनिवार्य रूप से अल्प बचत करना, समूह के भीतर सदस्यों की आवश्यकतानुसार नियमित आंतरिक लेन-देन करना, लिए गए ऋण की समयबद्ध अदायगी सुनिश्चित करना तथा समस्त वित्तीय गतिविधियों का पारदर्शी लेखा-जोखा नियमित रूप से संधारित करना अनिवार्य किया गया है। यह पंचसूत्रीय व्यवस्था ग्रामीण महिलाओं में वित्तीय अनुशासन, पारस्परिकता और बैंकिंग प्रक्रियाओं की गहरी समझ विकसित करने में आधारशिला का कार्य करती है।

समूहों के गठन और प्रारंभिक अनुशासन के सत्यापन के उपरांत प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें प्रारंभिक कार्यशील पूंजी के रूप में रिवाल्विंग फंड उपलब्ध कराया जाता है। इसके पश्चात उनकी आजीविका योजनाओं को गति देने और सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना हेतु सामुदायिक निवेश निधि प्रदान की जाती है। इसके साथ ही राष्ट्रीयकृत बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और सहकारी बैंकों के साथ समूहों का सघन बैंक लिंकेज स्थापित कराया जाता है। इस वित्तीय व्यवस्था के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को साहूकारों और अनौपचारिक ऋणदाताओं के अत्यधिक ब्याज दर वाले चंगुल से पूर्णतः मुक्ति मिली है और उन्हें अत्यंत रियायती दरों पर संस्थागत ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है। जनपद अमेठी में जिला प्रशासन के सतत पर्यवेक्षण, रणनीतिक मार्गदर्शन और प्रभावी अनुश्रवण के फलस्वरूप इस मिशन ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गतिशीलता प्रदान की है। जिला प्रशासन द्वारा जनपद के समस्त विकास खंडों में मिशन के कार्यों की नियमित मासिक और पाक्षिक समीक्षा की जाती है। अंतिम पायदान पर खड़ी महिलाओं तक योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पारदर्शी तरीके से पहुंचाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर तक प्रशासनिक तंत्र को सक्रिय किया गया है। जनपद में महिलाओं को आजीविका के नए स्रोतों से जोड़ने, उनके कौशल विकास हेतु विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने और बैंकों के माध्यम से ऋण वितरण की प्रक्रिया को सुगम बनाने पर विशेष बल दिया जा रहा है। जनपद अमेठी के विकास खंड संग्रामपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत भौसिंहपुर का उदाहरण इस परिवर्तनकारी प्रक्रिया का सजीव प्रमाण प्रस्तुत करता है। इसी ग्राम पंचायत की निवासी रेनू देवी का जीवन संघर्ष से सफलता की ओर अग्रसर होने की एक अत्यंत प्रेरक गाथा है। रेनू देवी एक साधारण ग्रामीण परिवार से संबंध रखती हैं और उन्होंने आठवीं कक्षा तक की औपचारिक शिक्षा प्राप्त की है। कुछ वर्ष पूर्व तक उनका परिवार अत्यधिक आर्थिक तंगी और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा था। परिवार के भरण-पोषण की संपूर्ण जिम्मेदारी उनके पति की अनियत मजदूरी पर टिकी हुई थी, जिससे होने वाली आय दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भी अपर्याप्त सिद्ध होती थी।

मजदूरी से मिलने वाली अल्प और अनियमित आय के कारण परिवार का घरेलू बजट निरंतर संकट में रहता था। ग्रामीण क्षेत्र में वित्तीय संसाधनों की कमी और स्वरोजगार के अवसरों का अभाव उनके समक्ष एक बड़ी बाधा बना हुआ था। इसी विषम परिस्थिति के बीच ग्राम पंचायत में संचालित आजीविका मिशन के प्रचार-प्रसार और जागरूकता बैठकों के माध्यम से रेनू देवी को महिला स्वयं सहायता समूहों के महत्व की जानकारी प्राप्त हुई। प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए संचालित इस कल्याणकारी अभियान से प्रेरित होकर उन्होंने फरवरी 2023 में गांव के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह की सदस्यता ग्रहण की। समूह से जुड़ना उनके व्यक्तिगत और पारिवारिक जीवन में एक सकारात्मक मोड़ साबित हुआ, जिसने उनकी सोच और आत्मविश्वास को नई दिशा प्रदान की। समूह की नियमित बैठकों में प्रतिभाग करते हुए रेनू देवी ने बैंकिंग लेन-देन, वित्तीय प्रबंधन, नियमित अल्प बचत के महत्व, ऋण के समुचित उपयोग और पुनर्भुगतान की बारीकियों को भली-भांति समझा। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित विभिन्न क्षमता संवर्धन और उद्यमिता विकास सत्रों के माध्यम से उनमें व्यावसायिक दृष्टि का विकास हुआ। सामूहिक विचार-विमर्श और अन्य सदस्यों के परस्पर सहयोग ने उन्हें यह विश्वास दिलाया कि यदि सुनियोजित ढंग से कार्य किया जाए, तो सीमित संसाधनों में भी स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है।

## हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता, जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

# बरसात में जलभराव और गंदगी पर तत्काल कार्रवाई करें : ए. के. शर्मा

**समीक्षा**





**तमसा संकेत, संवाददाता**

> नगरों में कहीं भी कूड़े का ढेर न दिखे
> डेंगू-मलेरिया की रोकथाम के लिए एंटी लार्वा छिड़काव एवं फॉगिंग तेज करें, अस्पतालों में अतिरिक्त बेड, ऑक्सीजन और वेंटिलेटर की व्यवस्था रखें
> जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई समस्याओं का प्राथमिकता से करें निस्तारण, लापरवाही पर तय होगी जिम्मेदारी : ए. के. शर्मा

लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने अपने प्रभार जनपद भदोही में कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यों और जनसुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बरसात के मौसम को देखते हुए जलभराव, साफ-सफाई, संक्रामक रोगों की रोकथाम तथा पेयजल व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

मंत्री ए. के. शर्मा ने नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी नगर क्षेत्र में जलभराव की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। जहां जलभराव की समस्या है, वहां तत्काल जल निकासी की व्यवस्था कराते हुए स्थायी समाधान की दिशा में कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान जलजमाव से मच्छरजनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए संवेदन-शील स्थानों को चिन्हित कर वहां एंटी लार्वा का नियमित छिड़काव और फॉगिंग कराई जाए।साफ-सफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि नगरों में कहीं भी कूड़े का ढेर दिखाई नहीं देना चाहिए। नियमित कूड़ा उठान एवं निस्तारण के साथ सार्वजनिक स्थलों, बाजारों, प्रमुख मार्गों और आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए। अधिकारियों को मौके पर जाकर सफाई व्यवस्था की निगरानी करने के भी निर्देश दिए। जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देश दिया कि पेयजल योजनाओं के कार्यों में तेजी लाई जाए और निर्धारित समयसीमा में योजनाओं को पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा कि हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता की नियमित जांच तथा स्थलीय निरीक्षण सुनिश्चित करने को कहा।

### प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान शर्मा ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डेंगू, मलेरिया, वायरल बुखार एवं अन्य संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाई जाए। सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाओं के साथ अतिरिक्त बेड, पर्याप्त ऑक्सीजन एवं वेंटिलेटर की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित रखी जाए, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में मरीजों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जा सके।

## 1 घंटे के इंतजार के बाद आ रही बस लखनऊ में नहीं मिल रही सीट

### रक्षाबंधन पर महिलाओं के फ्री सफर के लिए 978 बसें

**तमसा संकेत, एजेंसी**



लखनऊ। रक्षाबंधन पर भाई को राखी बांधने के लिए लखनऊ में फ्री बस यात्रा के लिए बहनों की भीड़ उमड़ पड़ी है। बस अड्डों पर पूर्वांचल जाने वाली बसें आते ही भर जा रही हैं। महिला यात्रियों ने बताया कि एक घंटे से बस का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन सीट नहीं मिल रही।

महिलाओं को 27 अगस्त सुबह 6 बजे से 29 अगस्त रात 12 बजे तक मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी। भीड़ को देखते हुए लखनऊ क्षेत्र में 978 बसों के फेरे बढ़ाए जा रहे हैं।

रक्षाबंधन पर बड़ी संख्या में यात्री पूर्वांचल की ओर जाएंगे। इसे देखते हुए गोरखपुर, आजमगढ़, गोंडा और बहराइच रूट पर पर्याप्त बसें लगाई गई हैं। यात्रियों की भीड़ के हिसाब से इन रूटों पर बसों के फेरे बढ़ाए जाएंगे। पूर्वांचल के साथ दिल्ली और कानपुर रूट पर भी अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की गई है। परिवहन निगम का लक्ष्य है कि यात्रियों को बस के लिए ज्यादा देर इंतजार न करना पड़े। क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन के मुताबिक, लखनऊ क्षेत्र में 978 बसें संचालित की जा रही हैं। रक्षाबंधन के दौरान इनसे ज्यादा फेरे कराए जाएंगे, ताकि यात्रियों को आसानी से बस मिल सके। परिवहन निगम के अनुसार, पिछले रक्षाबंधन पर करीब 3.5 लाख महिलाओं ने मुफ्त यात्रा की थी। उनके साथ करीब 1 लाख सहवर्ती (अटेंडेंट) भी इस सुविधा में शामिल थे। इस तरह करीब 4.5 लाख यात्रियों ने योजना का लाभ लिया था।

**फास्ट न्यूज**

### मेयर ने सैनिकों को बांधी राखी

लखनऊ। रक्षाबंधन से एक दिन पहले मेयर सुषमा खर्कवाल ने सैनिकों के साथ राखी मनाई। मध्य उत्तर प्रदेश सब एरिया के मुख्यालय में उन्होंने जीओसी मेजर जनरल मनीष कुकरेती को राखी बांधी। इसके साथ ही शुभकामनाएं भी दी हैं। इस दौरान माहौल बेहद भावुक और आत्मीय रहा। देश की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने वाले सैन्य अधिकारियों की कलाई पर राखी बांधी। महापौर ने उनके प्रति सम्मान, स्नेह और कृतज्ञता व्यक्त की।

### लखनऊ में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकला

लखनऊ। लखनऊ में ईद मिलादुन्नबी के मौके पर शहर में शान-ओ-शौकत के साथ जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। इसमें 250 से अधिक अंजुमनों ने उत्साह और अकीदत के साथ शिरकत की। अंजुमन फारूक-ए-आजम शाहगंज के सदस्यों ने भी पूरी अदब और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। जुलूस की अगुवाई सबसे आगे तिरंगे ने की।

कार्यक्रम में पश्चिम विधायक अरमान खान ने विभिन्न अंजुमनों को अवार्ड देकर सम्मानित किया। मौलाना यासिर फारूकी और विधायक प्रत्याशी अनीस राजा ने भी अंजुमनों के सदस्यों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

### आईआईआईटी हैदराबाद में एडमिशन के नाम पर 20 लाख ठगे

लखनऊ। विभूति खंड में IIIT हैदराबाद में बीटेक ECE में एडमिशन दिलाने के नाम पर 20 लाख रुपए की ठगी हुई है। विभूति खंड के रहने वाले पीड़ित का गूगल सर्च के जरिए मिले एक व्यक्ति ने खुद को मुंबई की विजडम एजुकेशन नाम की एजुकेशन कंसल्टेंसी का संचालक बताया।

## रक्षाबंधन पर शुद्ध खाद्य पदार्थों की गारंटी के लिए प्रदेशभर में विशेष अभियान

### योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का असर

**तमसा संकेत, संवाददाता**

> योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का असर, त्योहार से पहले मिलावटखोरों पर प्रहार
> 18 एफआईआर, 182 नमूने और 46 लाख रुपये से अधिक की सामग्री जब्त-नष्ट
> खोवा, पनीर, दूध और घी से लेकर मिलावट में इस्तेमाल रसायनों तक को लेकर कार्रवाई

लखनऊ। त्योहारों के दौरान प्रदेशवासियों को शुद्ध, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने की योगी सरकार की प्रतिबद्धता के तहत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए), उत्तर प्रदेश ने मिलावटखोरों के खिलाफ अभियान और तेज कर दिया है। रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर 20 अगस्त 2026 से चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान में आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के निर्देशन में प्रदेश के विभिन्न जिलों में बड़े पैमाने पर कार्रवाई की गई। अभियान के तहत अब तक 18 एफआईआर दर्ज की गईं, 182 खाद्य नमूने संग्रहीत किए गए, 13,440.25 किलोग्राम और 14,561 लीटर सामग्री जब्त की गई है। वहीं 18,607 किलोग्राम और 7,630 लीटर असुरक्षित/अस्वच्छ खाद्य सामग्री नष्ट कराई गई है। जब्त सामग्री का अनुमानित मूल्य करीब 26.09 लाख तथा नष्ट सामग्री का मूल्य करीब 27.89 लाख है। कानपुर नगर, कानपुर देहात, लखनऊ, मुजफ्फरनगर, मेरठ, कासगंज, अलीगढ़, बागपत, प्रयागराज, गाजियाबाद, आगरा, हापुड़, संत कबीर नगर, फिरोजाबाद, बदायूं, सम्भल और मथुरा समेत विभिन्न जनपदों में कार्रवाई की गई।

### पहाड़पुर स्कूल में कराई प्रतियोगिता

लखनऊ। बेसिक विद्यालय पहाड़पुर महमूदाबाद में राखी पर्व के अवसर पर राखी मेकिंग प्रतियोगिता एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी उदय मणि पटेल के प्रोत्साहन तथा प्रभारी इंचार्ज प्रधाना-ध्यापक नीति रस्तोगी के नेतृत्व में किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए सुंदर-सुंदर राखियां बनाईं। मेहंदी प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें पर्व के महत्व के बारे में बताया। अमित दीक्षित, प्रियंका चौधरी, पूनम बंशवार एवं सायमा जोहरा ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों में रचनात्मकता, आपसी प्रेम, भाईचारे एवं भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता का भाव विकसित हुआ। कार्यक्रम का वातावरण उल्लास और उमंग से भर गया तथा बच्चों ने राखी पर्व को यादगार बनाया।

## 75 जिलों के किसानों, एफपीओ और निर्यातकों ने लिया हिस्सा

# यूपी के कृषि उत्पादों को मिलेगा वैश्विक बाजार

**नई वेबसाइट से मिलेगी निर्यात की पूरी जानकारी**

> किसानों और निर्यातकों के बीच बढ़ेगा तालमेल



**तमसा संकेत, संवाददाता**

उत्तर प्रदेश सरकार ने कृषि उत्पादों को वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने और कृषि क्षेत्र में मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है।

राज्य औद्यानिकी निर्यात प्रोत्साहन बोर्ड की दूसरी बैठक में निर्यात को सुगम बनाने पर चर्चा की गई और एक नई वेबसाइट लॉन्च की गई।

इस बैठक में सभी 75 जिलों के किसानों, निर्यातकों और एफपीओ ने भाग लिया, जिसके परिणामस्वरूप निर्यातकों और एफपीओ के बीच समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि नई वेबसाइट किसानों और निर्यातकों को यह जानकारी देगी कि उनके जिले की कौन सी उपज किस देश में बेची जा सकती है, संबंधित देश के लिए उत्पाद के क्या मानक आवश्यक हैं और निर्यात के लिए किन प्रक्रियाओं का पालन करना होगा।

उत्तर प्रदेश में वर्तमान में लगभग 3,000 निर्यातक सक्रिय हैं, जो किसानों की उपज को अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाने में मदद कर रहे हैं। वर्ष 2016-17 में 727 करोड़ रुपये का निर्यात हुआ था, जो 2025-26 में बढ़कर 1,132 करोड़ रुपये हो गया। उत्तर प्रदेश की कृषि उपज अमेरिका, यूएई, जर्मनी, ब्रिटेन सहित 20 से अधिक देशों में पहुंच रही है। कार्यशाला में एपीडा, डेलॉयट, सीआईएसएच और सीआई-पीएमए के विशेषज्ञों ने औद्यानिक निर्यात की वर्तमान स्थिति, भविष्य की संभावनाओं, अच्छी कृषि पद्धतियों और निर्यात के लिए आवश्यक मानकों पर तकनीकी जानकारी प्रदान की।

### इंटीग्रेटेड टेस्टिंग ट्रीटमेंट पार्क का निर्माण

जेवर एयरपोर्ट के पास एक इंटीग्रेटेड टेस्टिंग ट्रीटमेंट पार्क बनाया जाएगा, जिससे एयर कार्गो के माध्यम से उपज तेजी से पहुंचाई जा सकेगी। किसानों को बाजार में भाव स्थिरता के लिए 1000 करोड़ रुपये का भामाशाह भाव स्थिरता कोष स्थापित किया गया है, साथ ही शीतगृह किराये और बीज पर भी छूट दी जा रही है। बैठक में उत्पाद की गुणवत्ता, अंतरराष्ट्रीय मानकों, पैकेजिंग, पेस्टिसाइड मैनेजमेंट, कोल्ड चेन और निर्यात से जुड़ी अन्य आवश्यकताओं पर विशेष जोर दिया गया।

> राज्य औद्यानिकी निर्यात प्रोत्साहन बोर्ड मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा
> – उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह

## देश में स्क्रैप हुए वाहनों में यूपी की हिस्सेदारी 48.5 प्रतिशत : परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह

# वाहन स्क्रैपिंग नीति के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश देश में नंबर-1



**तमसा संकेत, संवाददाता**



लखनऊ। उत्तर प्रदेश ने पुराने, अनफिट एवं प्रदूषणकारी वाहनों को वैज्ञानिक एवं पर्यावरण-अनुकूल तरीके से स्क्रैप करने के क्षेत्र में देश में टॉप पर है। परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने कहा कि वाहन स्क्रैपिंग नीति के प्रभावी क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश आज देश में नंबर-1 है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य केवल पुराने वाहनों को हटाना नहीं, बल्कि Clean Mobility, Road Safety, Scientific Recycling और Circular Economy को बढ़ावा देना है। उत्तर प्रदेश में वाहन स्क्रैपिंग के लिए तेजी से विकसित हो रहा RVSF नेटवर्क इस दिशा में प्रदेश की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। परिवहन विभाग के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 31 जुलाई, 2026 तक देशभर में कुल 4,07,520 वाहन स्क्रैप किए गए, जिनमें 1,97,735 वाहन अकेले उत्तर प्रदेश में स्क्रैप हुए। अर्थात देशभर में स्क्रैप किए गए वाहनों में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी लगभग 48.5 प्रतिशत है। यह आंकड़ा बताता है कि देश में स्क्रैपिंग अभियान को गति देने में उत्तर प्रदेश की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण हो गई है। परिवहन मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश ने केवल वाहन स्क्रैपिंग के आंकड़ों में ही नहीं, बल्कि इसके लिए आवश्यक आधारभूत ढांचे के निर्माण में भी उल्लेखनीय प्रगति की है।

### हमारा लक्ष्य आधुनिक व्यवस्था वाला उत्तर प्रदेश

वाहन स्क्रैपिंग नीति में उत्तर प्रदेश का नंबर-1 प्रदर्शन प्रदेश सरकार की प्रभावी नीति, मजबूत RVSF नेटवर्क और जनता की बढ़ती भागीदारी का परिणाम है। हमारा लक्ष्य है कि पुराने और अनफिट वाहनों को सड़क से हटाकर उत्तर प्रदेश को स्वच्छ, सुरक्षित और आधुनिक परिवहन व्यवस्था वाला प्रदेश बनाया जाए।


### गुणवत्ता और पारदर्शिता पर भी सरकार का जोर

परिवहन मंत्री ने कहा कि उपलब्धि के साथ-साथ quality compliance भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।RVSF में निर्धारित नियमों एवं मानकों के अनुरूप scrapping सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग द्वारा निरीक्षण और निगरानी की जा रही है। जुलाई 2026 में प्राप्त शिकायतों के बाद परिवहन विभाग ने RVSFs की कार्यप्रणाली की जांच के लिए विशेष निरीक्षण अभियान भी चलाया था। प्रत्येक संभाग में अधिकारियों की संयुक्त टीमों को RVSFs के निरीक्षण की जिम्मेदारी दी गई थी। उन्होंने कहा कि सरकार का स्पष्ट संदेश है कि अधिकृत RVSF में नियमों के अनुसार, पारदर्शी और पर्यावरण-अनुकूल scrapping ही स्वीकार्य होगी।

## स्क्रैप हुए वाहनों में 48.5 प्रतिशत हिस्सेदारी उत्तर प्रदेश की

### स्वच्छ और सुरक्षित परिवहन की ओर बढ़ा यूपी

**तमसा संकेत, संवाददाता**



> 31 जुलाई तक 1.97 लाख वाहन स्क्रैप किए गए
> पुराने वाहनों को हटाकर आधुनिक परिवहन की ओर यूपी, वाहन मालिकों को रोड टैक्स में छूट

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार स्वच्छ, सुरक्षित और आधुनिक परिवहन व्यवस्था की दिशा में लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। इसी क्रम में वाहन स्क्रैपिंग नीति के क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश ने देश में पहला स्थान हासिल किया है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि पुराने, अनफिट और प्रदूष-णकारी वाहनों को वैज्ञानिक एवं पर्यावरण अनुकूल तरीके से स्क्रैप करने में प्रदेश देश में नंबर एक पर है। योगी सरकार का उद्देश्य केवल पुराने वाहनों को हटाना नहीं, बल्कि स्वच्छ परिवहन, सड़क सुरक्षा, वैज्ञानिक तरीके से कचरे का दोबारा इस्तेमाल बढ़ाना और ऐसी अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना, जिसमें चीजों को बार-बार उपयोग में लाया जा सके। परिवहन विभाग के मुताबिक 31 जुलाई 2026 तक देशभर में 4.07 लाख से अधिक वाहन स्क्रैप किए गए हैं। इनमें अकेले उत्तर प्रदेश में 1.97 लाख से अधिक वाहन स्क्रैप हुए। इस तरह देश में स्क्रैप किए गए कुल वाहनों में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी करीब 48.5 प्रतिशत है।

## छापा : 200 किलो खराब मिठाई नष्ट कराई गई, 180 लीटर सोयाबीन तेल सीज

# रक्षाबंधन से पहले मिठाई की अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड़



खाद्य सुरक्षा विभाग ने 180 लीटर रिफाइंड सोयाबनी तेल सीज किया।

**तमसा संकेत, एजेंसी**



लखनऊ। लखनऊ में रक्षाबंधन से एक दिन पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मिठाई बनाने वाली एक अवैध फैक्ट्री पर छापा मारकर 200 किलो खराब मिठाई नष्ट कराई। यह कार्रवाई गुरुवार को नीवा कासिम खेड़ा में रिंकू की फैक्ट्री में हुई।

टीम ने संदिग्ध गुणवत्ता मिलने पर 180 लीटर रिफाइंड सोयाबीन तेल भी सीज कर दी। फैक्ट्री का लाइसेंस नहीं था। इस वजह से उसे बंद करा दिया गया।

खाद्य सुरक्षा विभाग को मिठाई बनाने की अवैध फैक्ट्री की जानकारी हुई मिली थी। इस पर अधिकारियों की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। फैक्ट्री में तैयार हो रही मिठाइयों और इस्तेमाल किए जा रहे कच्चे माल की जांच की। खाद्य पदार्थों की क्वालिटी जांचने के लिए पेड़ा, एसएमपी, रिफाइंड सोयाबीन तेल और चांदी के वर्क के नमूने लिए। इन सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद यह पता चलेगा कि इनमें से किसी में मानकों का उल्लंघन हुआ है या नहीं।

कार्रवाई के दौरान फैक्ट्री मालिक से खाद्य कारोबार के लिए जरूरी लाइसेंस मांगा गया, लेकिन वह वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका।

### गंदी हालत में रखी थी 200 किलो मिठाई

निरीक्षण के दौरान करीब 200 किलो मिठाई ऐसी जगह और ऐसी स्थिति में रखी मिली, जिसे अधिकारियों ने इंसानों के खाने के लिए पूरी तरह अनुपयुक्त माना। अधिकारियों के मुताबिक, इसकी कीमत करीब 20 हजार रुपए थी। उसे नष्ट करा दिया गया।

जांच के दौरान 180 लीटर रिफाइंड सोयाबीन तेल भी खराब मिला। इसकी अनुमानित कीमत 40,860 रुपए बताई गई है। टीम ने तेल को सीज कर दिया और इसके नमूने भी लिए। अब प्रयोगशाला की रिपोर्ट के आधार पर तय होगा कि तेल में किस तरह की गड़बड़ी थी।

# इंडस्ट्रियल एरिया में जलभराव बिजली पर उद्योग बंधु की बैठक

## लखनऊ के अमौसी में 700 मीटर नाला बनाने का प्रस्ताव

**तमसा संकेत, एजेंसी**




लखनऊ। लखनऊ के औद्योगिक क्षेत्रों में जलभराव, बिजली ट्रिपिंग और सड़क-नाली की समस्याओं के समाधान पर फैसला लेने के लिए उद्योग बंधु की बैठक होगी। 27 अगस्त को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में अमौसी, सरोजनीनगर और तालकटोरा समेत अन्य औद्योगिक क्षेत्रों की समस्याओं पर चर्चा होगी। इसके साथ ही निवेश मित्र पोर्टल पर समय सीमा पार कर चुके 70 मामलों की भी समीक्षा की जाएगी।

बैठक में अमौसी-नादरगंज और सरोजनीनगर औद्योगिक क्षेत्र में जल निकासी की समस्या पर खास चर्चा होगी। सरोजनीनगर में लखनऊ-कानपुर रोड के किनारे एनएचएआई का बनाया जा रहा ड्रेन औद्योगिक क्षेत्र के ड्रेन से ऊंचा है। इससे बारिश का पानी नहीं निकल पा रहा है। नगर निगम, जलकल, एलडीए, सीएंडडीएस, जल निगम, पीडब्ल्यूडी, सिंचाई विभाग, एनएचएआई और यूपीसीडा की टीम मौके का निरीक्षण कर चुकी है। अब सीएंड-डीएस को समस्या के समाधान की कार्ययोजना तैयार करनी है। अमौसी औद्योगिक क्षेत्र के शष्तम विहार में जलभराव खत्म करने के लिए 700 मीटर लंबा नाला बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

### तालकटोरा में सड़क और नाली का काम

तालकटोरा औद्योगिक क्षेत्र में सड़क और नाली निर्माण का मामला भी बैठक में रखा जाएगा। संयुक्त टीम ने 17 अगस्त को मौके पर जाकर प्रभावित इकाइयों से बात की थी। टीम ने संबंधित इकाइयों को परिसर के अंदर ही लोडिंग-अनलो-डिंग करने और सड़क किनारे रखा सामान हटाने के निर्देश दिए हैं। पहले नाली और उसके बाद सड़क बनाने का सुझाव दिया गया है।

# प्लेन में अचानक धमाका हुआ, फिर नीचे गिरा ■ दोनों बाहर नहीं निकल पाए

# कानपुर में विमान क्रैश पायलट और ट्रेनी की मौत

**हादसा**

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर । यूपी के कानपुर में ट्रेनिंग विमान क्रैश हो गया। हादसे में पायलट और ट्रेनी की मौत हो गई। विमान ने गुरुवार सुबह 11:30 बजे उड़ान भरी थी। 11:50 बजे यानी उड़ान के महज 20 मिनट बाद गंगा बैराज के पास 5 फीट ऊंची बाउंड्री वॉल से टकराकर खेत में जा गिरा।




प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, विमान करीब 200-250 फीट ऊपर था। तभी अचानक हवा में डगमगाया और क्षतिग्रस्त हो गया। नीचे गिरते ही पूरा विमान टूटकर बिखर गया। पुर्जे दूर तक बिखर गए। हालांकि, विमान में आग नहीं लगी।

हादसे से जुड़े वीडियो सामने आए हैं। इनमें दिख रहा है कि जमीन में गिरने के बाद विमान मलबे में तब्दील हो गया। एक पायलट कॉकपिट के पास फंसा था। दूसरा गंभीर हालत में विमान से थोड़ी दूर खून से लथपथ पड़ा था। विमान की एक सीट भी टूटकर बाहर आ गई। करीब 12:15 बजे पुलिस-प्रशासन की टीम पहुंची। खून से लथपथ पायलट सचिन भाटिया (गुजरात) और ट्रेनी अभिषेक पुजारी (कर्नाटक) को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक, दोनों पायलट की मौत ऊंचाई से गिरने की वजह से हुई। शरीर में मल्टीपल इंजरी हैं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में स्पष्ट वजह सामने आएगी। जहां हादसा हुआ, वहां से रिहायशी बस्ती करीब एक किमी दूर है। ग्रामीणों ने बताया कि विमान करीब 4-5 मिनट तक हवा में उड़ता रहा। फिर अचानक गिरा। अगर बस्ती के ऊपर विमान गिरता, तो घरों और पब्लिक को नुकसान पहुंच सकता था। विमान कानपुर की कंपनी गर्ग एविएशन फ्लाइंग ट्रेनिंग एकेडमी का था। 1995 में इसकी स्थापना हुई थी। 100 से ज्यादा लोग पायलट की ट्रेनिंग ले रहे हैं। विमान ने फ्लाइंग एकेडमी से ही उड़ान भरी थी। 39 किमी दूर क्रैश हो गया। हादसे के बाद डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA) की तीन सदस्यीय टीम को जांच के लिए रवाना किया गया है।

### प्रत्यक्षदर्शी बोले- धमाके के साथ गिरा विमान

नाथपुरवा गांव के रोहित निषाद ने बताया- मैं खेत पर काम कर रहा था। ऊपर देखा तो एक एयरक्राफ्ट उड़ रहा था। अचानक वह नीचे की ओर गिरने लगा। धमाके की आवाज के साथ जमीन पर गिरा। हालांकि, आग नहीं लगी। सर्वेश ने बताया- मेरे खेत में ही विमान गिरा। मैं सुबह 10 बजे तक यहीं था। फिर घर चला गया। बाद में फोन आया कि तुम्हारे खेत में विमान गिरा है। इसके बाद मैं भागकर आया। यहां देखा तो दोनों पायलट जमीन पर गिरे पड़े थे।

> **मौके पर पहुंचे कानपुर पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने कहा-चकेरी स्थित गर्ग एविएशन ट्रेनिंग सेंटर से विमान ने उड़ान भरी थी। 20 मिनट बाद 39 किमी दूर नाथपुरवा गांव में क्रैश हो गया। पायलट के पास 3000 घंटे उड़ान का अनुभव था। डीजीसीए को जानकारी दे दी गई है। अब उनकी टीम जांच-पड़ताल करेगी।**



## बहन फाउंडेशन के राखी महोत्सव में पहुंचीं 1400 बहनें

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर गोविंद नगर स्थित संजय गेस्ट हाउस में 'बहन फाउंडेशन' की ओर से आयोजित तीन दिवसीय राखी महोत्सव के तीसरे दिन भक्ति और प्रेम का अद्भुत नजारा देखने को मिला। पूर्व विधायक और वरिष्ठ भाजपा नेता अजय कपूर को राखी बांधने के लिए सुबह से ही शहर के कोने-कोने से बहनों का जमावड़ा शुरू हो गया।

महोत्सव के तीसरे दिन करीब 1400 बहनों ने अपने भाई अजय कपूर की कलाई पर फूलों की राखी बांधी और मुंह मीठा कराकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। अजय कपूर ने भी हर बहन का आशीर्वाद लिया और जीवनभर उनकी सुरक्षा व सुख-दुख में साथ खड़े रहने का वचन दिया।

कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व विधायक अजय कपूर भावुक नजर आए। उन्होंने बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि कानपुर की बहनों से उन्हें जो निस्वार्थ प्रेम और अपनापन मिला है, वह उनके जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है।

उन्होंने कहा कि वह इस स्नेह को अपने जीवन की आखिरी सांस तक संजोकर रखेंगे और बहनों के उत्थान के लिए जीवनभर काम करते रहेंगे। बहनों ने भी अपने भाई पर प्यार लुटाते हुए कहा कि अजय कपूर हर सुख-दुख में उनके साथ खड़े रहते हैं, ऐसा भाई पाना कानपुर की बहनों के लिए सौभाग्य की बात है।




■ **पूर्व विधायक अजय कपूर बोले- 'जीवन की आखिरी सांस तक निभाऊंगा राखी का फर्ज' डांसर गोरी नागोरी पहुंचीं**

**फास्ट न्यूज**

### शोक जताने पहुंचे विधायक ग्रामीणों पर भड़के

आगरा। आगरा के फतेहाबाद में शोक संवेदना जताने पहुंचे भाजपा विधायक छोटेलाल वर्मा का ग्रामीणों पर गुस्सा करने का वीडियो सामने आया है। बुधवार को विधायक चाचीपुरा खंडेर के ठार रामदास गांव में एक परिवार के यहां पहुंचे थे। इसी दौरान ग्रामीणों ने गांव के खराब रास्ते की समस्या बताई तो विधायक नाराज हो गए।

### सपा विधायक हसन रूमी 18 फीट गहरे गड्ढे में उतरे

कानपुर। कानपुर के जाजमऊ में सड़क धंसने से बने 18 फीट गहरे गड्ढे को लेकर गुरुवार को सियासत गरमा गई। कैंट विधानसभा से सपा विधायक हसन रूमी दोपहर करीब 12:45 बजे मौके पर पहुंचे और सीढ़ी के सहारे खुद गड्ढे में उतरकर स्थिति का जायजा लिया। विधायक के गड्ढे में उतरते ही सपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग जुट गए।

विधायक के पहुंचने की जानकारी होने पर संबंधित अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान विधायक सड़क के गड्ढे में ही धरने पर बैठ गए। थोड़ी देर में बारिश शुरू हो गई।

### ठेकेदार सिंडिकेट के बाद अब नगर निगम कर्मियों की बारी

कानपुर। कानपुर नगर निगम में सामने आए टेंडर घोटाले और ठेकेदार सिंडिकेट के बाद अब भ्रष्टाचार की जड़ों तक पहुंचने की तैयारी शुरू हो गई है। नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय ने शासन को पत्र भेजकर मुख्य अभियंता स्तर के एक नए अधिकारी को नगर निगम में नामित करने की मांग की है। नए अधिकारी की निगरानी में नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका की जांच कराई जाएगी।

## महिलाओं पर गिरी बिजली एक की मौत, 6 झुलसीं

### आजमगढ़ में धान के खेत में काम कर रही थीं

तमसा संकेत, एजेंसी



आजमगढ़ । आजमगढ़ में गुरुवार को धान के खेत में निराई-रोपाई का काम कर रही महिलाओं पर अचानक बिजली गिर गई। हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि छह महिलाएं झुलस गईं। बिजली गिरते ही खेत में अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद ग्रामीण दौड़कर पहुंचे और सभी को अस्पताल पहुंचाया।

हादसा गांव के सिवान में उस समय हुआ, जब महिलाएं धान के खेत में काम कर रही थीं। अचानक तेज आवाज के साथ बिजली गिरी और उसकी चपेट में सात महिलाएं आ गईं। घटना बरदह थाना क्षेत्र के लसड़ा कला गांव में हुई।

हादसे में नीतू देवी (40), अनीता देवी (40), रेनू देवी (35), राधिका देवी (50), सरिता (27), संजना (17) और गीता देवी (54) झुलस गईं। नीतू देवी, अनीता देवी और रेनू देवी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुजा ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने नीतू देवी को मृत घोषित कर दिया। अनीता और रेनू की हालत गंभीर होने पर दोनों को जिला अस्पताल जौनपुर रेफर कर दिया गया।

वहीं राधिका, सरिता, संजना और गीता को 108 एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ठेकमा ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने चारों को भी जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# 100 से ज्यादा तेंदुओं ने मचाई दहशत

### 22 दिन में तीन महिलाओं को खा गए, 20 को नोचा, डीएफओ बोले- बाघ से कठिन इन्हें पकड़ना

तमसा संकेत, एजेंसी

मुरादाबाद । जिम कॉर्बेट के बफर जोन से सटी मुरादाबाद की सीमा में तेंदुओं की आवाजाही यूं तो आम बात रही है। लेकिन, तेंदुओं का जो खौफ बीते 22 दिनों से है, वैसे हालात कभी नहीं रहे। 22 दिन में तेंदुओं ने 3 महिलाओं को नोच-नोचकर मार डाला।

20 से अधिक किसानों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। इन घटनाओं से उत्तराखंड से सटे मुरादाबाद के करीब 50 गांवों के 1 लाख लोग खौफ में हैं। मंदिरों-मस्जिदों से लगातार एनाउंसमेंट करके किसानों से कहा जा रहा है कि वे खेतों पर न जाएं। डर में लोगों ने अपने बच्चों को स्कूल भेजना बंद कर दिया है।

फॉरेस्ट ऑफिसर ने बताया कि जिले में 100 से ज्यादा तेंदुओं के होने का अनुमान है। वन विभाग के अधिकारी करीब 50 एक्सपर्ट्स के साथ इलाके में कैंपिंग और गश्त कर रहे हैं। जगह-जगह 29 पिंजरे लगाए गए हैं। अब तक 11 तेंदुए पकड़े जा चुके हैं। थर्मल ड्रोन की मदद से तेंदुओं को ट्रैक करने की कोशिश भी जारी है।

मुरादाबाद के DFO डॉ. विनय कुमार पांडेय कहते हैं कि उत्तराखंड से सटे इस इलाके में हमेशा से तेंदुए रहते आए हैं। पहले यहां घास के मैदान हुआ करते थे। काफी जंगल था, जहां किसानों की आवाजाही नहीं होती थी। मुरादाबाद गजेटियर का जिक्र करते हुए DFO कहते हैं कि तेंदुओं का यह पारंपरिक एरिया रहा है।

यहां तेंदुए पाए जाना कोई नई बात नहीं है। लेकिन, अब घास के मैदानों की जगह गन्ने ने ले ली है। इससे तेंदुए गन्नों में घूम रहे हैं। DFO कहते हैं कि इस बार बारिश कम होने की वजह से बाढ़ नहीं आई है।



### शहर और हाईवे के आसपास तेंदुए टहलते दिख रहे

मुरादाबाद में बीते 20 दिनों में वन विभाग एक शावक समेत 11 तेंदुओं को पकड़ चुका है। इसके बावजूद तेंदुओं के हमलों की घटनाएं रोज हो रही हैं। इससे इतना तो साफ है कि तेंदुओं की बड़ी तादाद जिले के जंगलों में टहल रही है। अब तो शहर और हाईवे के आसपास तेंदुए टहलते दिख रहे हैं। फॉरेस्ट ऑफिसर कहते हैं कि यहां 100 के करीब तेंदुए हो सकते हैं।

### तेंदुओं के बदले मूड ने फॉरेस्ट एक्सपर्ट भी हैरान

मुरादाबाद में अब तक पिछले 22 दिनों में हुईं घटनाओं में एक बात कॉमन है, तेंदुए बिना किसी उकसावे या दबाव के इंसानों की सीधा गर्दन दबोच रहे हैं। एक्सपर्ट के मुताबिक, आमतौर पर वह ऐसा नहीं करते हैं। मुरादाबाद के प्रभागीय वन अधिकारी (DFO) डॉ. विनय कुमार पांडेय कहते हैं- हम एक्सपर्ट की मदद से तेंदुओं के मिजाज को रीड करने की कोशिश कर रहे हैं। फिलहाल हमें ऐसा लगता है कि इंसान को अपने करीब आता देख तेंदुए ऐसा कर रहे हैं। यह उनकी दृष्टि से अपनी सुरक्षा में किया गया अटैक भी हो सकता है।



### सांसद चंद्रशेखर ने कहा- अतीक के बच्चों को आतंक से मुक्त करें, सरकार ने जुल्म किया

# अतीक के बेटे का एनकाउंटर हुआ, वो अपराधी नहीं था

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज । माफिया अतीक के सबसे छोटे अबान की मौत के बाद अब अतीक परिवार से बनी राजनीतिक दलों की दूरी खत्म सी होने लगी है। अब आजाद समाज पार्टी के संस्थापक सांसद चंद्रशेखर ने खुलकर अतीक परिवार की पैरवी करते हुए यूपी सरकार पर हमला बोला है।



सांसद चंद्रशेखर का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में सांसद चंद्रशेखर ने अतीक के बेटे असद के एनकाउंटर पर ही सवाल उठा दिए। कहा- अतीक के बेटे की जान गई, वो अपराधी नहीं था।

सरकार ने जो जुल्म उनके साथ किया, इस तरफ झूठे एनकाउंटर हुए, ये भी इस बात का स्पष्टीकरण है कि सरकार बदले की कार्रवाई कर रही है। चंद्रशेखर ने कहा कि अब अतीक के बच्चों को इस आतंक मुक्त कराना चाहिए।

अतीक के बेटे उमर और अली के जेल से आने के दौरान पीछे कारों के काफिले पर चंद्रशेखर ने कहा कि कौन ऐसा है जो काफिला लेकर नहीं चल रहा। किसी के काफिले से किसी को तकलीफ नहीं होनी चाहिए। यहां तो पूर्व सांसद भी आठ आठ सौ गाड़ियों का काफिला लेकर चल रहे हैं। प्रयागराज में विधायक पल्लवी पटेल ने माफिया अतीक अहमद के बेटे अहजम से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि मेरे पिता सोनेलाल जब मुसीबत में थे तो अतीक ने साथ दिया था। आज बेटा खत्म होने से वो परिवार गम में है। इसीलिए मैं मिलने आई हूं।

### नेताओं का समर्थन मिलने लगा

इससे पहले विधायक पल्लवी पटेल अतीक के बेटे अहजम से मिलने उनके हटवा स्थित घर पहुंची थीं। उनकी फोटो और वीडियो खूब वायरल हुए थे। प्रतापगढ़ की रानीगंज विधानसभा के सपा विधायक आरके वर्मा भी अबान के सुपुर्दे खाक में पहुंचे थे। उनकी अहजम से लंबी बातचीत हुई थी। एआईएमआईएम के असद उद्दीन ओवैसी खुलकर अतीक परिवार के पक्ष में बोल रहे हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली तो कब्रिस्तान पहुंचे थे और यूपी सरकार पर हमलावर थे।



■ पल्लवी पटेल ने अतीक के भाई अशरफ के बच्चों से भी बात की।

### गोलियां चली हैं, ऐसे में बेटों के पीछे काफिला गलत नहीं

सांसद ने अतीक के बेटों के पक्ष में सफाई देते हुए कहा कि जो लोग जेल में हैं, उनके चाहने वाले कोशिश करते हैं कि हमारे आदमी के साथ कुछ गलत न हो जाए। जिस तरह की घटनाएं हुई हैं, गोलियां चली हैं, सब सोचते हैं कि हमारे साथी के साथ कोई घटना न हो जाए। जो लोग अपने होते हैं वह कोशिश करते ही हैं। सांसद चंद्रशेखर का यह वीडियो वायरल हो रहा है। खासकर प्रयागराज में ट्रेंड कर रहा है।

## रास्ता बंद करने के आरोप में 4 दिन से धरना

### एसडीएम के पहुंचते ही प्रदर्शनकारियों से नोकझोंक

तमसा संकेत, एजेंसी

बहराइच । बहराइच जिले के महसी तहसील क्षेत्र के छतरपुर दीवानपुरवा गांव में सार्वजनिक रास्ता बंद किए जाने के आरोप को लेकर भीम आर्मी के कार्यकर्ता पिछले चार दिनों से जिला मुख्यालय पर धरना दे रहे हैं।



गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे महसी एसडीएम राजेश अग्रवाल धरना स्थल पर पहुंचे तो प्रदर्शनकारियों और प्रशासन के बीच नोकझोंक हो गई। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने स्थिति को संभाला।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि गांव के एक दबंग व्यक्ति ने करीब 500 परिवारों के आवागमन का सार्वजनिक रास्ता बंद कर दिया है। इससे ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम के सामने अपनी शिकायत रखते हुए तत्काल रास्ता खुलवाने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

भीम आर्मी के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश पासवान ने आरोप लगाया कि कमजोर वर्ग के परिवारों के आवागमन का रास्ता रोक दिया गया है। इससे ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक समस्या का समाधान नहीं होता, तब तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रखा जाएगा। महसी एसडीएम राजेश अग्रवाल ने बताया कि वह प्रदर्शनकारियों से बातचीत करने के लिए धरना स्थल पर पहुंचे थे।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### 'खतरा अभी टला...

यह राशि नेपाल में आपदा से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए दी जाएगी।

नेपाल में बाढ़ में बहकर आए एक शव के कान से बाली निकालने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के मुताबिक, दोनों आरोपियों को आगे की पूछताछ और जांच के लिए जिला पुलिस कार्यालय, चितवन भेजा गया है। नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन के बाद रसुवा से रेस्क्यू किए गए भारतीय नागरिकों को नुवाकोट के मैथिली बैरक में ठहराया गया है। फिलहाल यहां आपदा प्रभावित लोगों को रखा जा रहा है।

मैथिली बैरक नेपाली सेना का ट्रेनिंग सेंटर है, जिसे राहत-बचाव अभियान के मुख्य बेस के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। प्रधानमंत्री बालेन शाह ने गुरुवार को बाढ़ प्रभावित नुवाकोट जिले का दौरा किया। उन्होंने बट्टार बाजार स्थित आर्मी ट्रेनिंग सेंटर पहुंचकर बाढ़ से बने हालात और जारी राहत-बचाव अभियान की जानकारी ली।

नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन में मारे गए लोगों की पहचान के लिए काठमांडू की मॉर्चुरी के बाहर मृतकों की तस्वीरें लगाई गई हैं। परिजन इन तस्वीरों के जरिए अपने लापता लोगों की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं।

### अस्थायी बैरियर लेक...

अगले कुछ दिनों में इसमें 30 लाख घन मीटर अतिरिक्त पानी आने की आशंका है, जिससे इस कृत्रिम रूप से बने इस अस्थायी बांध के टूटने का खतरा बहुत ज्यादा बढ़ गया है। अगर यह टूटता है, तो निचले इलाकों में अचानक फिर से विनाशकारी बाढ़ आ सकती है।

### टीएमसी का ममता...

TMC ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में मौजूद चार खातों को चलाने की अनुमति मांगी थी।

पार्टी ने दावा किया था कि इन खातों पर रोक लगाने से जुड़ी FIR में कई कमियां हैं। पश्चिम बंगाल सरकार ने कहा कि आपराधिक मुकदमे में कानून के मुताबिक कदम उठाए गए हैं और पुलिस को जांच जारी रखने की अनुमति दी जानी चाहिए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जस्टिस भट्टाचार्य ने कहा कि 9 जुलाई के आदेश में राजनीतिक दल के रोजमर्रा के खर्च पूरे करने के लिए पहले ही व्यवस्था की जा चुकी है। इसलिए इस स्तर पर चार खातों के बारे में अलग आदेश की जरूरत नहीं है।

कोर्ट ने कहा कि खातों को किस गुट को दिया जाना है, इस पर पहले चुनाव आयोग को फैसला करना चाहिए। TMC में एक गुट ममता बनर्जी के नेतृत्व वाला है, जबकि दूसरा पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता रितब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाला है।

बिधाननगर पुलिस कमिश्नरेट के साइबर क्राइम थाने की जांच रिपोर्ट भी कोर्ट के सामने रखी गई। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले TMC गुट ने 7 जुलाई को पुलिस साइबर सेल की ओर से चार बैंक खाते फ्रीज किए जाने के खिलाफ हाईकोर्ट का रुख किया था।

### खड़गे ने परिसीमन...

लोकसभा में राज्यवार मौजूदा संख्या बल को अगले 25 साल तक 543 बनाए बनाए रखने की मांग की है। 2029 के लोकसभा चुनावों से महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण लागू करें।

इंडिया टुडे को दिए इंटरव्यू में किरेन रिजिजू से पूछा गया था कि क्या सरकार किसी और बैठक या विशेष सत्र पर विचार कर रही है।

हालांकि, जब उनसे पूछा गया कि क्या इसका मतलब यह है कि कोई विशेष सत्र हो सकता है, तो रिजिजू ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

17 अप्रैल को महिला आरक्षण बिल से जुड़ा संविधान का 131वां संशोधन बिल सरकार लोकसभा में पास नहीं करा पाई। इसमें संसद की 543 सीटें बढ़ाकर 850 करने का प्रावधान था। लोकसभा में बिल पर 21 घंटे की चर्चा के बाद वोटिंग हुई थी। उपस्थित 528 सांसदों ने वोट डाले थे। पक्ष में 298, विपक्ष में 230 वोट पड़े थे। बिल पास कराने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत थी। 528 का दो तिहाई 352 होता है। इस तरह बिल 54 वोट से गिर गया।

### पंजाब के हड़ताली...

इसके बाद मुलाजिम मीटिंग करने गए तो सीएम ने उन्हें टाइम नहीं दिया।

वहीं 7 लाख से ज्यादा मुलाजिमों-पेंशनर्स की महा हड़ताल की वजह से गुरूवार को सरकारी कामकाज ठप रहा। सरकारी दफ्तर, अस्पतालों और डिस्पेंसरियों में OPD सेवाएं बंद रहीं। पठानकोट में यूनियन के जिलाध्यक्ष विशालवीर ने कहा कि धरना खत्म कर दिया, लेकिन सांझा मोर्चा के अगले आदेश तक हड़ताल जारी रहेगी।

वहीं जालंधर में मुलाजिमों और पुलिस में धक्कामुक्की हुई। मुलाजिम यहां रोड जाम करने जा रहे थे लेकिन पुलिस ने उन्हें धक्के देकर हटाने की कोशिश की। जिसमें कुछ मुलाजिम सड़क पर बैठ गए। इधर, मोहाली सिविल अस्पताल में दवाई लेने पहुंचे एक व्यक्ति ने बताया कि गार्ड ने उसे यह कहकर बाहर कर दिया कि आज हड़ताल है, अब कल आना।

वहीं पठानकोट में नगर निगम दफ्तर, सिविल अस्पताल में ताले लटके मिले। अफसरों की कार चलाने वाले ड्राइवर भी हड़ताल में शामिल हैं। इसके चलते अधिकारियों को दफ्तर पहुंचने में परेशानी हुई। लुधियाना के DC भी सुबह साढ़े 9 बजे तक अपने कार्यालय नहीं पहुंचे थे। जालंधर में शाहकोट से 86 साल की रिटायर्ड टीचर रणधीर कौर धरना देने पहुंची है।

### बढ़ेगा इनोवेशन का...

योगी ने कहा कि 2017 से पहले यूपी की गिनती देश के पिछड़े यानी 'बीमारू' राज्यों में होती थी। आज प्रदेश देश की टॉप-3 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। उन्होंने दावा किया कि पिछले 9 साल में यूपी की अर्थव्यवस्था 3 गुना हुई है। इसी दौरान प्रति व्यक्ति आय भी 3 गुना बढ़ी है। बड़े उद्योगों की संख्या में भी बढ़ोतरी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पहले प्रदेश में करीब 12 हजार बड़े उद्योग थे। अब इनकी संख्या 3 गुना से ज्यादा हो गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि SGPGI ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने का प्रस्ताव दिया है। सरकार ने इसके लिए सहयोग देने की बात कही है। उन्होंने कहा कि ग्रीन हाइड्रोजन और रोबोटिक टेक्नोलॉजी जैसी नई तकनीकों पर भी काम किया जा रहा है। प्रदेश में अभी 12 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस चल रहे हैं।

### 'भाजपा सरकार...

उन्होंने दावा किया कि मौजूदा बाजार भाव के हिसाब से जेपीएनआईसी और पूरे क्षेत्र की कीमत छह हजार करोड़ रुपये से अधिक हो सकती है। अखिलेश ने कहा कि केवल पार्किंग से ही 30 साल में करीब 867 करोड़ रुपये की आय हो सकती है। सपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने समाजवादी सरकार के दौरान बनाए गए किसान बाजार, शाने-अवध और जनेश्वर मिश्र पार्क के कुछ हिस्सों को भी निजी हाथों में दिया। उन्होंने कहा कि शाने-अवध को 428 करोड़ रुपये में बेचा गया, जबकि जेपीए-नआईसी को 831 करोड़ रुपये में बेचने का दावा किया गया है। उन्होंने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे की टोल वसूली निजी हाथों में देने और एक्सप्रेसवे की री-कार-पेटिंग में भ्रष्टाचार के भी आरोप लगाए।

### बेंगलुरु में नेशनल...

विरोध करने वालों में 574 मौजूदा छात्र और 128 पूर्व छात्र शामिल थे। उन्होंने बार काउंसिल ऑफ इंडिया (BCI) से NALSAR, हैदराबाद के छात्रों और शिक्षकों से बिना शर्त माफी मांगने की मांग भी की थी।

कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के बाद चीफ जस्टिस सूर्यकांत का विरोध लॉ यूनिवर्सिटीज में शुरू हुआ था। इसकी शुरुआत NALSAR हैदराबाद से हुई। यहां करीब 1,400 छात्र पढ़ते हैं।

करीब 450 छात्रों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन को पत्र लिखकर CJI को चीफ गेस्ट बनाने का न्योता वापस लेने की मांग की थी।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए चुने गए

# सहवाग के बेटे आर्यवीर की यू-19 टीम इंडिया में एंट्री

खेल

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय ओपनर वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर को पहली बार भारत की अंडर-19 टीम में चुना गया है। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए टीम में जगह मिली है।

तीनों मुकाबले सितंबर में राजकोट में खेले जाएंगे। आर्यवीर दाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और फिलहाल दिल्ली प्रीमियर लीग में वेस्ट दिल्ली लायंस की ओर से खेल रहे हैं। राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय को भी वनडे टीम में शामिल किया गया है। अन्वय विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं। यानी, वनडे टीम में वीरेंद्र सहवाग और राहुल द्रविड़ के बेटे एक साथ नजर आएंगे। हालांकि, आर्यवीर और अन्वय दोनों को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले दो मल्टी-डे मैचों की टीम में जगह नहीं मिली है। भारत और ऑस्ट्रेलिया की U-19 टीमों के बीच तीन वनडे मैच खेले जाएंगे। तीनों मुकाबले राजकोट में होंगे। तीनों मुकाबले सुबह 9 बजे से शुरू होंगे। अन्वय द्रविड़ ने जुलाई में श्रीलंका दौरे पर भारत की U-19 टीम के लिए 87 रन की पारी खेली थी। उन्होंने इस प्रदर्शन की बदौलत वनडे टीम में अपनी जगह बरकरार रखी है।



### मल्टी-डे टीम में आर्यवीर-अन्वय नहीं

दो मल्टी-डे मैचों के लिए भारत टीमः यशवर्धन चौहान (कप्तान), लक्ष्य रायचंदानी (उप कप्तान), सागर विर्क, कुशाग्र ओझा, मनाल चौहान, कुश पटेल, मानव कृष्णा, अभिप्राय बिस्वास, रोहित यादव, ईशान ओम, अयान अकरम, प्रणव राघवेंद्र, प्रियांशु सिंह, मोहित उल्वा और आर्यन यादव शामिल हैं।

**भारत की U-19 वनडे टीम**

लक्ष्य रायचंदानी (कप्तान), यशवर्धन चौहान (उप कप्तान), रजत बघेल, आर्यवीर सहवाग, वीके विनीत, कुशाग्र ओझा, अर्जुन राजपूत, मनाल चौहान, अन्वय द्रविड़, वी यशवीर, रोहित यादव, शाविन विनोद, मोहित उल्वा, चिगुरुपति वेंकट और काव्य पटेल।

## द्रविड़ के बेटे अन्वय भी वनडे टीम में



अन्वय द्रविड़ ने श्रीलंका U-19 के खिलाफ 2 मैच में 101 रन बनाए थे।

आर्यवीर सहवाग ने हाल ही में दिल्ली प्रीमियर लीग के 2026 सीजन में वेस्ट दिल्ली लायंस के लिए खेला है। वे इससे पहले 2024 में कूच बिहार ट्रॉफी में बड़ी पारी खेलकर चर्चा में आए थे। उन्होंने मेघालय के खिलाफ 297 रन बनाए थे।

### लक्ष्य कप्तान, यशवर्धन उपकप्तान

वनडे सीरीज के लिए लक्ष्य रायचंदानी को भारतीय टीम का कप्तान बनाया गया है। यशवर्धन चौहान उपकप्तान होंगे। वहीं मल्टी-डे मैचों के लिए दोनों की भूमिकाएं बदल जाएंगी। यशवर्धन कप्तान और लक्ष्य उपकप्तान होंगे। भारत को वनडे सीरीज के बाद दो मल्टी-डे मैच भी खेलने हैं। पहला मुकाबला 27 से 30 सितंबर तक राजकोट में होगा। दूसरा मल्टी-डे मैच 5 से 8 अक्टूबर तक अहमदाबाद के B ग्राउंड पर खेला जाएगा।

# बुमराह से 697 दिन बाद टॉप रैंकिंग छिनी

## ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज



नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने जसप्रीत बुमराह को पीछे छोड़कर पहली बार ICC टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग में नंबर-1 स्थान हासिल किया है। बांग्लादेश के खिलाफ मैकाय टेस्ट में 10 विकेट लेने के बाद स्टार्क दो स्थान की छलांग लगाकर टॉप पर पहुंचे। उनके 872 रेटिंग पॉइंट हैं। बुमराह 862 पॉइंट के साथ दूसरे नंबर पर हैं। बुमराह ने कुल 697 दिन नंबर-1 की रैंकिंग पर बिताए हैं। वे 7 फरवरी 2024 को पहली बार इस मुकाम पर पहुंचे थे। हालांकि, यह लगातार 697 दिन का आंकड़ा नहीं है। बीच में दूसरे गेंदबाज भी नंबर-1 बने, इसलिए बुमराह के अलग-अलग नंबर-1 कार्यकालों को जोड़कर यह आंकड़ा बना है। इतने दिन किसी भारतीय गेंदबाज का ICC टेस्ट रैंकिंग में सबसे लंबा कार्यकाल है और टेस्ट इतिहास में यह 14वां सबसे लंबा है।

बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ 2024 विशाखापट्टनम टेस्ट में 9 विकेट लेने के बाद पहली बार टॉप रैंक हासिल की थी। वह टेस्ट रैंकिंग में नंबर-1 बनने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज भी हैं। वहीं, मौजूदा टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में ऋषभ पंत सातवें और शुभमन गिल आठवें नंबर पर हैं।

बुमराह 2025 में भी टेस्ट रैंकिंग के टॉप पर बने रहे। जनवरी 2025 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न टेस्ट में 9 विकेट लेने के बाद उनके रेटिंग पॉइंट 907 तक पहुंच गए थे।

## खेलो इंडिया डायलॉग में कहा- युवाओं को स्क्रीन से ज्यादा प्लेग्राउंड चाहिए

# ओलंपिक खेलों में भागदारी बढ़ानी होगी : मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पीएम मोदी ने गुरुवार को 1,500 से ज्यादा जगहों पर युवाओं और खिलाड़ियों से वर्चुअल संवाद किया। उन्होंने कहा कि ओलंपिक के 20 से ज्यादा खेलों में भारत की भागीदारी नहीं रही। ओलंपिक में भारत की भागीदारी बढ़ानी होगी। 2036 ओलंपिक के लिए अभी से खिलाड़ी तैयार करें।

मोदी ने कहा- 15 अगस्त को देश के सामने स्पोर्ट्स विजन रखा। यह सिर्फ मेडल जीतने तक सीमित नहीं है, बल्कि विकसित भारत और देश की खेल शक्ति बढ़ाने का अभियान है। पीएम ने कहा- मैं हमेशा कहता हूं- जो खेले, वो खिले। आज युवाओं को स्क्रीन से ज्यादा स्पोर्ट्स सेंटर और प्लेग्राउंड चाहिए।



नेशनल स्पोर्ट्स डे और मेजर ध्यानचंद पर- 29 अगस्त को नेशनल स्पोर्ट्स डे मनाया जाता है। यह महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को याद करने का दिन है। करीब 100 साल पहले भारतीय सेना की हॉकी टीम न्यूजीलैंड गई थी, जिसमें ध्यानचंद भी शामिल थे। भारत-न्यूजीलैंड संबंधों को आज और मजबूत किया जा रहा है।

ओलंपिक में नए खेलों पर- देश के हर जिले में खेल प्रतिभाएं हैं। ओलिंपिक के 20 से ज्यादा खेलों में भारत की भागीदारी नहीं रही है, जबकि दूसरे देश मेडल जीत रहे हैं। भारत को नए खेलों में भी आगे बढ़ना होगा। लंबी समुद्री तटरेखा के बावजूद सर्फिंग में भारत अभी पीछे है।

खेलो इंडिया संवाद पर- सरकार मजबूत स्पोर्ट्स इकोसिस्टम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। खेलो इंडिया संवाद में युवा खेल, गवर्नेंस और विकसित भारत पर सुझाव दे सकेंगे। उनके विचार देश को आगे बढ़ाएंगे।

## पहले 48 घंटे में 26 हजार टिकट बिके, 12 मैचों का दौरा अक्टूबर से

# भारत के न्यूजीलैंड दौरे के टिकटों की रिकॉर्ड बिक्री



**वेलिंगटन, एजेंसी**

भारत के न्यूजीलैंड दौरे के लिए पहले 48 घंटे में 26 हजार टिकट बिक गए हैं। यह न्यूजीलैंड क्रिकेट की प्री-सेल में रिकॉर्ड मांग है।

यह दौरा 22 अक्टूबर से शुरू होगा और 1 दिसंबर तक चलेगा। दोनों टीमों के बीच 5 टी-20, 5 वनडे और 2 टेस्ट खेले जाएंगे। भारतीय टीम 2019-20 के बाद पहली बार न्यूजीलैंड में टेस्ट सीरीज खेलेगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट के अनुसार, ऑकलैंड के ईडन पार्क में होने वाले व्हाइट-बॉल मुकाबलों के टिकट सबसे तेजी से बिक रहे हैं। यहां सीरीज का चौथा टी-20 और पहला वनडे खेला जाएगा।



तस्वीर 2025 चैंपियनशिप ट्रॉफी फाइनल की है। भारत ने दुबई में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की थी।

क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में भी टिकटों की भारी मांग है। करीब 9 हजार दर्शकों की क्षमता वाले इस मैदान पर भारत और न्यूजीलैंड के बीच शुरुआती दो टी-20 मैच 22 और 24 अक्टूबर को खेले जाएंगे।

वेलिंगटन में होने वाले मुकाबलों के लिए भी शुरुआती बिक्री मजबूत रही है। हेनरी स्टेडियम में सीरीज का तीसरा टी-20 और दूसरा वनडे खेला जाएगा। वहीं, पहला टेस्ट सेलो बेसिन रिजर्व में 19 नवंबर से शुरू होगा।

### एनजेडसी बोला- भारत को खेलते देखना दुर्लभ मौका

न्यूजीलैंड क्रिकेट के चीफ मार्केटिंग एंड कमर्शियल ऑफिसर ग्लेन क्रिचली ने कहा कि फैंस ने टिकट जल्दी खरीदने की अपील पर अच्छी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पहले दो दिनों में रिकॉर्ड बिक्री से पता चलता है कि बड़ी संख्या में फैंस ने समय रहते अपनी सीट बुक कर ली है।

क्रिचली ने कहा कि न्यूजीलैंड के फैंस के लिए भारत के खिलाफ क्रिकेट मैच का माहौल देखने और दुनिया के बड़े क्रिकेट सितारों को लाइव देखने का यह खास मौका है।

मनोरंजन

## 32 साल से गोदभराई में खूब बजता है लता दीदी का कल्ट गीत

# नुसरत साहब की कव्वाली से बना माधुरी का 'चटपटा गाना'

32 साल पुराना आज भी इंटरनेट पर वायरल
नुसरत फतेह अली खान की कव्वाली से प्रेरित था यह गीत
माधुरी का पर्पल लहंगा और लता दीदी की सुरीली आवाज

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में लता मंगेशकर ने कई यादगार गाने दिए हैं। 50 और 60 के दशक से शुरू हुआ सिलसिला करीब 2000 के दशक तक निरंतर चलता रहा।

90 के दशक में जब अलका याग्निक (Alka Yagnik) और अनुराधा पौडवाल (Anuradha Paudwal) समेत कई और सिंगर्स आईं, इस बीच में भी लता दीदी का जादू बरकरार रहा। अब आजकल लता मंगेशकर का एक गाना इन दिनों इंटरनेट पर खूब वायरल हो रहा है। अब यूं तो लता दीदी ने 90 के दौर में कई यादगार गाने गाए थे। इन्हीं में से लता दीदी का जो गाना इन दिनों इंस्टाग्राम पर ट्रेंड कर रहा है, वह गाना साल 1994 में एक आई ब्लॉकबस्टर फिल्म में सुनाई दिया। इस फिल्म का नाम था 'हम आपके हैं कौन' (Hum Aapke Hain Koun) और गाने का नाम है 'दीदी तेरा देवर दीवाना' (Didi Tera Devar Deewana)।



वहीं इस गाने के लिए लता दीदी को खास स्पेशल अवॉर्ड भी दिया गया था। इस गाने की खास बात यह भी थी इसके लिए करीब 16 दिनों तक रिहर्सल चली और फिर करीब 9 दिनों में ये गाना शूट किया गया था।



### नुसरत फतेह अली खान की कव्वाली से बना गाना?

दीदी तेरा देवर दीवाना आज भी उन हिट गानों में माना जाता है जो खूब गोदभराई की रस्म में बजता है। इस गाने को लता मंगेशकर ने अपनी आवाज दी थी। लता दीदी के साथ गाने में एस.पी बालासुब्रमण्यम ने भी अपने सुर लगाए थे।




# टॉक्सिक में इंटीमेट सीन देना रुक्मिणी वसंत को पड़ा भारी

नई दिल्ली। मौजूदा समय में सिनेमा जगत में अगर किसी फिल्म की चर्चा हो रही है तो वह निर्देशक गीतू मोहनदास के डायरेक्शन में बनने वाली लेटेस्ट फिल्म टॉक्सिक है। यश स्टारर टॉक्सिक में साउथ सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री रुक्मिणी वसंत ने अहम किरदार अदा किया है। लेकिन फिल्म में अपनी एक्टिंग की बजाय इंटीमेट सीन की वजह से रुक्मिणी वसंत का नाम फिलहाल सुर्खियां बटोर रहा है और सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस को जमकर ट्रोल किया जा रहा है।

फिल्म टॉक्सिक में रुक्मिणी वसंत ने मेलिसा का किरदार निभाया है, जो मूवी में यश की पत्नी बनती हैं। उनके किरदार की एंट्री टॉक्सिक में सेकेंड हाफ में होती है। माना जा रहा था कि रुक्मिणी इस मूवी की कहानी में अहम मोड़ पर अपनी छाप छोड़ेगी, लेकिन इंटीमेट सीन की वजह से वह नेटिजंस के निशाने पर आ गई हैं। दरअसल टॉक्सिक में कई सारे बोल्ड सीन्स दिखाए गए हैं, जिनमें यश और रुक्मिणी वसंत का एक बेड सीन भी शामिल है। अब इसको लेकर रुक्मिणी की काफी आलोचना की जा रही है। एक यूजर ने एक्स पर ट्वीट कर लिखा है-टॉक्सिक में रुक्मिणी वसंत को लेकर काफी उम्मीदें थीं, लेकिन उनका किरदार उम्मीद से बिल्कुल अलग निकला। दूसरे यूजर ने लिखा है- ये क्या कर दिया रुक्मिणी, ऐसे रोल में आपको देखना आंखों पर यकीन नहीं हो रहा।

### सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस की हुई फजीहत



इसके अलावा एक अन्य यूजर ने रुक्मिणी वसंत के पक्ष में अपनी बात रखते हुए लिखा है- टॉक्सिक में रुक्मिणी वसंत का कोई किसिंग या लव-मेकिंग सीन नहीं है। लोग बिना वजह ऐसी बातें कह रहे हैं कि हमें आपसे ऐसी उम्मीद नहीं थी।

# दृश्यम 3 के बाद नई फिल्म का फर्स्ट लुक हुआ आउट



मोहनलाल की अगली फिल्म अथिमनोहरम
सामने आया अथिमनोहरम का फर्स्ट लुक
पुलिस ऑफिसर बने अभिनेता मोहनलाल

नई दिल्ली। मलयालम सिनेमा के सुपरस्टार मोहनलाल (Mohanlal) किसी अगल पहचान के मोहताज नहीं हैं। इस साल दृश्यम 3 जैसी शानदार फिल्म से फैंस का दिल जीतने वाले मोहनलाल इस वक्त अपनी अपकमिंग फिल्म अथिमनोहरम को लेकर चर्चा में बने हुए हैं।


बुधवार को ओणम के खास पर्व पर मोहनलाल ने अथिमनोहरम (Athimanoharam) का फर्स्ट लुक शेयर कर फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया है। इस मूवी में वह आपको पुलिस ऑफिसर के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म का ये लुक सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। पिछले चार दशकों से सिनेमा जगत में राज करने वाले मोहनलाल की फिल्मों को लेकर फैंस में जबरदस्त क्रेज देखने को मिलता है। अथिमनोहरम के एलान के बाद से सिनेप्रेमी इसके लिए सुपर एक्साइटेड नजर आ रहे थे और उनकी ये उत्सुकता फिल्म के फर्स्ट लुक पोस्टर को देखने के बाद और अधिक बढ़ गई है। बुधवार को मोहनलाल ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर अथिमनोहरम की पहली झलक पेश की है। जिसमें वह बुलेट मोटर साईकिल पर पुलिस की वर्दी में नजर आ रहे हैं। लंबे समय बाद मोहनलाल को सुपर कॉप अवतार में देखकर फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा है। माना जा रहा है कि अथिमनोहरम एक क्राइम थ्रिलर फिल्म होगी, जिसमें मोहनलाल एक मर्डर मिस्ट्री को सुलझाते हुए नजर आएंगे।

## बोलीं- उन्हें कौन रोक रहा, जो मन करे पहनें पहले कहा- बिकिनी में राखी क्यों बांधेंगी?

# कृति सेनन के कपड़ों पर दिए बयान से पलटीं कंगना

मुंबई। एक्ट्रेस और बीजेपी सांसद कंगना रनोट कृति सेनन के रक्षाबंधन एडवर्टाइजमेंट पर दिए बयान से पलट गईं हैं। 'डीकोड लाइव' शो में कंगना ने कहा कि कृति को जो मन करे, वह पहन सकती हैं और उन्हें कोई नहीं रोक रहा है। इंटरव्यू में जब कंगना से कृति सेनन के कपड़ों पर दिए गए उनके पुराने बयान के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, ₹जिस तरह की फिल्मों में हम उन्हें देखते हैं, उन्हें कौन रोक रहा है कुछ पहनने से? किसने उन्हें रोका है, किसको क्या पड़ी है?₹ इसके साथ ही कंगना ने कहा कि रक्षाबंधन के मौके पर कोई भी महिला अपनी पसंद के कपड़े पहन सकती है।

सोशल मीडिया पर विवाद बढ़ने के बाद जीवा ज्वेलरी ब्रांड ने इंस्टाग्राम पर बयान जारी कर विज्ञापन वापस ले लिया। कंपनी ने लिखा कि उनका इरादा भारतीय संस्कृति और त्योहारों का सम्मान करना है।





कंपनी का मकसद त्योहार की खुशियों में पालतू जानवरों को भी शामिल करना था। अगर इस विज्ञापन से किसी की भावनाएं आहत हुई हैं, तो कंपनी को इसका दुख है और सम्मान के तौर पर इसे सभी मीडिया प्लेटफॉर्म से हटाया जा रहा है।

यह पूरा विवाद जीवा ज्वेलरी ब्रांड के रक्षाबंधन एड के बाद शुरू हुआ था।

### 'बिकिनी' वाले कमेंट से शुरू हुआ था विवाद

इससे पहले कंगना रनोट ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर बिना नाम लिए कृति सेनन पर निशाना साधा था। कंगना ने लिखा था कि आज महिलाओं के पास पहनने के लिए हर तरह के कपड़ों के विकल्प मौजूद हैं, ऐसे में रक्षाबंधन पर भाई को राखी बांधते समय इस तरह के कपड़े क्यों चुने गए। कंगना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा- "महिला होने के लिए यह शानदार समय है। हमारी अलमारियां कई तरह के कपड़ों से भरी हैं और आज की महिला ग्लोबल महिला है। कॉकटेल ड्रेस से लहंगा चोली, जींस से साड़ी और बिकिनी से सलवार-कमीज तक, आज हमारे पास कपड़ों के इतने विकल्प हैं। फिर आप अपने भाई को बिकिनी या अंडरगारमेंट्स में राखी क्यों बांधेंगी? आपके पास स्टाइलिंग के इतने विकल्प कहां गए? हा हा, यह विज्ञापन जानबूझकर अजीब बनाया गया लगता है।"

### नेपाल बाढ़ः तिब्बत बॉर्डर पर आखिरी बार मिली लोकेशन, संचार बाधित, बचाव कार्य में भारी कठिनाई

# कैलाश यात्रा से लौट रहा भारतीय मूल का अमेरिकी कपल लापता



**तलाश**

**■ नेपाल बाढ़ में 175 मौतें, सैकड़ों लोग लापता**



**काठमांडू, एजेंसी**

नेपाल में अचानक आई बाढ़ ने तबाही मचा दी है। इस बाढ़ में अब तक 175 लोगों की मौत की खबर सामने आई है, लेकिन अभी भी सैकड़ों लोग लापता हैं, जिनकी तलाश जारी है।

नेपाल की बाढ़ में लापता हुए लोगों में 300 से ज्यादा भारतीय हैं। भारत से कई यात्री कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर गए थे, लेकिन इस बाढ़ के चलते इन लोगों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। नेपाल बाढ़ में अमेरिकी नागरिक और भारत के विदेशी नागरिक (OCI कार्डधारक) दीपक आहूजा (60) और मधु आहूजा (57) लापता हो गए हैं। एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, दीपक आहूजा और मधु आहूजा के दामाद आकाश महतानी ने बताया कि वह 'ईशा सेक्रेड वॉक्स' (Isha Sacred Walks) के साथ तीर्थयात्रा के लिए अमेरिका से आया था।

> संस्था ने पुष्टि की है कि बाढ़ आने के समय वे तिब्बत में गियिरोंग इमिग्रेशन सुविधा केंद्र पर थे। यह कपल ग्रुप र3 (26वां ट्रैवल ग्रुप) के हिस्से के तौर पर कैलाश मानसरोवर यात्रा से लौट रहा था, तभी इलाके में मौसम बेहद खराब हो गया।

## परिवार ने उन्हें खोजने में मदद की अपील की

दीपक आहूजा और मधु आहूजा के परिवार ने उन्हें खोजने में मदद की अपील की है। हालांकि, टेलीकम्युनिकेशन, बिजली आपूर्ति और स्थानीय सड़क नेटवर्क में भारी रुकावटों के कारण सीमा के दोनों ओर बचाव अभियान मुश्किल हो गया है। सीमा के पास के इलाके से संपर्क लगभग पूरी तरह से कट गया है और इसी दौरान यह जोड़ा अपने परिजनों के संपर्क से बाहर हो गया। दीपक आहूजा और मधु आहूजा 'ट्रेकर्स सोसाइटी' टूर ऑपरेटर के जरिए यात्रा कर रहे थे।


## रक्षाबंधन से पहले सोना-चांदी के दाम गिरे

नई दिल्ली। रक्षाबंधन से एक दिन पहले यानी आज 27 अगस्त को सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 2,951 रुपए घटकर 1.58 लाख रुपए हो गया है। वहीं एक किलो चांदी की कीमत 3,459 रुपए कम होकर 2.40 लाख रुपए पर आ गई है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 29 हजार रुपए महंगा हो चुका है। 31 दिसंबर 2025 को 10g सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.58 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.40 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था।

# निवेश के नाम पर 1.27 करोड़ की ठगी

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । लखनऊ में ऑनलाइन निवेश के नाम पर 1.27 करोड़ रुपए की साइबर ठगी की गई। आरोपियों ने वॉट्सएप के जरिए युवक से संपर्क कर 30 पर्सेंट गारंटीड रिटर्न का लालच दिया। शुरुआत में कम रुपए निवेश कराकर मुनाफा भी दिया, जिससे युवक को जालसाजों पर भरोसा हो गया। इसके बाद अलग-अलग शुल्क और अतिरिक्त इन्वेस्टमेंट के नाम पर उनसे लगातार रकम जमा कराई गई। गोल्फ सिटी के देवामऊ निवासी अरशद अहमद ने इस मामले में पुलिस को शिकायत दी है। इसमें बताया है कि कुछ महीने पहले अज्ञात लोगों ने उन्हें वॉट्सएप पर मैसेज भेजकर स्टॉक मार्केट में इन्वेस्टमेंट का ऑफर दिया। उन्हें करीब एक हजार लोगों वाले वॉट्सएप ग्रुप में जोड़ दिया गया।



**■ 30% रिटर्न का झांसा, वॉट्सएप ग्रुप पर मुनाफा कमाने का स्क्रीनशॉट भेजकर फंसाते रहे**

ग्रुप में मुनाफे के स्क्रीनशॉट और एक्सपर्ट मेंटर्स की जानकारी साझा की जाती थी। भरोसा बढ़ाने के लिए पहले उन्होंने 10 हजार रुपए इन्वेस्ट किए, जिस पर उन्हें 30 परसेंट प्रॉफिट दिखाया गया। इसके बाद 20 हजार रुपए निवेश करने पर करीब 25 परसेंट प्रॉफिट दिखाया गया।

**फास्ट न्यूज**

### लखनऊ में रुद्राक्ष और त्रिनेत्र वाली राखियों की डिमांड

लखनऊ । लखनऊ में रक्षाबंधन से पहले राखी बाजार सजे हुए हैं। अमेरिकन डायमंड और कैप्टन अमेरिका वाली राखियां खूब पसंद की जा रही हैं। रुद्राक्ष और भगवान शिव के त्रिनेत्र वाली राखियां भी डिमांड में हैं। बच्चों के लिए 'भाई' और 'वीरा' के साथ कैप्टन अमेरिका जैसे एनिमेशन हीरोज वाली राखियां बाजार में बिक रही हैं।

### 22,000 करोड़ के कर्ज का सिर्फ 6.5 करोड़ में निपटारा

नई दिल्ली। NCLT ने जी ग्रुप के फाउंडर सुभाष चंद्रा को 22 हजार करोड़ के कर्ज को महज 6.5 करोड़ में निपटाने के प्लान को मंजूरी दी है। इससे कर्ज देने वाले बैंकों और वित्तीय संस्थानों को अपने 99.97% बकाए पैसे का नुकसान सहना पड़ेगा।

चंद्रा को NCLT से मिली राहत पर भगोड़े कारोबारी विजय माल्या ने इसे दोहरा रवैया बताया। माल्या ने X पर पोस्ट कर सुभाष चंद्रा को बधाई देते हुए कहा ये भारतीय इंसाफ का असली मजाक है।

### मंथली एक्सपायरी पर 6 मिनट में 2,200 अंक टूटा सेंसेक्स

नई दिल्ली। शेयर बाजार में आज यानी 27 अगस्त को गिरावट रही। सेंसेक्स 539 अंक की गिरावट के साथ 76,934 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 117 अंक की गिरावट रही, ये 24,091 पर बंद हुआ। मेटल, सरकारी बैंक और मीडिया शेयर्स में आज ज्यादा बिकवाली रही।

## अल्जीरिया के जंगलों में लगी भीषण आग अब तक 12 लोगों की मौत

### गृह मंत्री सयूद ने लिया रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा

**अल्जीयर्स, एजेंसी**



अल्जीरिया के पूर्वोत्तर हिस्से में भीषण जंगल की आग ने तबाही मचा दी है। प्रशासन के अनुसार, आग की चपेट में आने से 12 लोगों की मौत हो गई। वहीं राष्ट्रपति अब्देलमजीद तेब्बौने के निर्देश पर गृह मंत्री सईद सयूद ने गुरुवार को बेजाया और फिर जिजेल प्रांत का दौरा किया। घायलों को अस्पताल में देखने पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया। सिन्हुआ के अनुसार, अल्जीरिया के गृह मंत्री सईद सयूद ने बताया कि मृतकों में जिजेल प्रांत में पांच, बेजाया में चार और तिजी ओउज़ो में तीन लोग शामिल हैं। उन्होंने बेजाया के सौक एल थेनाइन शहर के एक अस्पताल का दौरा कर आग में झुलसे और धुएं से प्रभावित लोगों के इलाज का जायजा लिया।

अधिकारियों के मुताबिक, बुधवार को देशभर में 159 जगहों पर आग लगने की घटनाएं दर्ज की गईं। इनमें अकेले बेजाया प्रांत में 36 आग लगीं, जिनमें से 18 पर काबू पा लिया गया है। हालांकि बेजाया में अभी भी 18 स्थानों पर आग सक्रिय है। पड़ोसी जिजेल प्रांत की 12 नगरपालिकाओं में भी आग से निपटने के लिए अभियान जारी है।

अल्जीरियाई अधिकारियों ने बताया कि स्किक्दा, एल तारफ, बुइरा, तिजी ओउज़ो और तेबेस्सा प्रांतों में लगी आग को नियंत्रित कर लिया गया है। प्रभावित इलाकों से कई परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। इन जंगल की आग के बीच अल्जीरिया और पड़ोसी ट्यूनीशिया में भीषण हीटवेव चल रही है।

### रिटेल और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स ने लिमिट तय की, एक महीने में 35% महंगी हुई

# ब्लिंकिट-स्विगी, डीमार्ट से 5 किलो से ज्यादा शक्कर नहीं मिलेगी

> थोक बाजार में भी चीनी के दाम 45 रुपए किलो से बढ़कर 60.36 रुपए किलो तक पहुंच गए हैं। पीआईबी के आंकड़ों के मुताबिक, 20 जुलाई से 20 अगस्त के बीच ही चीनी के दाम 16% तक बढ़ गए थे, जो अगस्त के आखिरी हफ्ते तक और तेज हो गए।

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ब्लिंकिट, जेप्टो जैसे क्विक-कॉमर्स एप्स से अब ग्राहक एक बार में 2 से 5 किलो तक ही चीनी खरीद पाएंगे। देश में त्योहारी सीजन की शुरुआत से ठीक पहले चीनी की सप्लाई घटने और कीमतों में अचानक आई तेजी के बाद यह फैसला लिया गया है।

उपभोक्ता मामले विभाग के मुताबिक, 26 अगस्त को देश में चीनी की औसत खुदरा कीमत 65.05 रुपए किलो पर पहुंच गई है। महज एक महीने पहले 26 जुलाई को यह 48 रुपए प्रति किलो थी। यानी 30 दिनों में चीनी 35.5% से महंगी हुई है।




उत्पादन में गिरावट का अनुमानः इंडियन शुगर एंड बायो-एनर्जी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (ISMA) ने 2025-26 मार्केटिंग ईयर के लिए एथेनॉल ब्लेंडिंग के बाद देश का चीनी उत्पादन लगभग 279 लाख टन रहने का अनुमान जताया है। घरेलू मांग ज्यादाः भारत में चीनी की सालाना घरेलू खपत करीब 280 लाख टन है। सत्र की शुरुआत में करीब 50 लाख टन का ओपनिंग स्टॉक था, लेकिन खपत के मुकाबले नया उत्पादन कम रहने की आशंका से सप्लाई प्रेशर बढ़ा है। कम बच सकता है क्लोजिंग स्टॉकः ISMA के मुताबिक, सितंबर के अंत तक देश में क्लोजिंग स्टॉक घटकर महज 35 लाख टन रह जाएगा, जो पिछले सालों की तुलना में काफी कम है। रक्षाबंधन और आने वाले गणेशोत्सव, नवरात्रि व दिवाली जैसे त्योहारों के दौरान मिठाइयों और चीनी आधारित व्यंजनों की मांग काफी बढ़ जाती है।

### डीमार्ट और रिलायंस रिटेल ने भी कैपिंग लगाई

ऑफलाइन बाजार में डीमार्ट और रिलायंस रिटेल जैसे सुपरमार्केट्स ने प्रति ग्राहक 2 से 3 किलो चीनी खरीदने की सीमा तय की है। प्रमुख चीनी ब्रांड्स के एक सीनियर एग्जीक्यूटिव के मुताबिक, रिटेलर्स यह कदम जमाखोरी रोकने और हर ग्राहक को स्टॉक उपलब्ध कराने के लिए उठा रहे हैं।

### 15 दिन से ज्यादा स्टॉक रखने पर पाबंदी

सरकार चीनी व्यापारियों और डीलरों पर स्टॉक रखने की सीमा लागू कर चुकी है। नए नियमों के तहत महीने में 10 मीट्रिक टन से अधिक चीनी का कारोबार करने वाले डीलर 15 दिन से अधिक की खपत का स्टॉक जमा करके नहीं रख सकते।

## राजधानी में चेन झपटने वाली जेठानी-देवरानी गिरफ्तार

### ऑटो में छीनती थीं सोने की चेन बताया बाराबंकी

**तमसा संकेत, एजेंसी**




दुबग्गा (लखनऊ)। लखनऊ में चेन झपटने वाली 3 महिलाएं गिरफ्तार हुई हैं। गुरुवार को पारा पुलिस ने इन्हें जेल भेज दिया। तीनों महिलाओं को बुधवार को सिंगारनगर मेट्रो स्टेशन के पास लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। शुरुआत में अपनी पहचान बाराबंकी की निवासी के रूप में बताती रहीं। गहनता से पूछताछ में बताया कि कुशीनगर की रहने वाली हैं और वहां के आईडी कार्ड भी दिए। इन महिलाओं ने यह भी कबूल किया है कि पिछले महीने एक बुजुर्ग महिला की भी चेन स्नेचिंग की थी। उम्र में सबसे बड़ी महिला जेठानी, दूसरे नंबर की उसकी देवरानी और सबसे छोटी वाली महिला जेठानी की बेटी है। पुलिस को तीनों के पास से 16.8 ग्राम वजन की दो सोने की चेन मिली हैं। इनमें से एक चेन 26 अगस्त को छीनी गई थी, जबकि दूसरी पहले चोरी की गई थी। 26 अगस्त को इन महिलाओं ने तकरोही इंदिरानगर में रहने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर अरविंद यादव की पत्नी लक्ष्मी यादव की चेन झपट ली थी। इसी हरकत के समय ही लोगों ने पकड़ लिया। पीड़िता लक्ष्मी के अनुसार, सिंगार नगर मेट्रो स्टेशन से पुराना पारा जाने के लिए वह एक ऑटो में बैठीं। उसी ऑटो में तीन अन्य महिलाएं भी सवार हो गईं। इन महिलाओं ने बातचीत कर ध्यान भटकाया और लक्ष्मी के गले से सोने की चेन छीन ली।

## अमेरिकी सेना का प्लानः पांच ठिकानों पर लगेंगे परमाणु माइक्रोरिएक्टर

**वाशिंगटन, एजेंसी**



अमेरिकी सेना ने बुधवार को बताया कि वह न्यूयॉर्क से टेक्सस तक पांच सैन्य ठिकानों पर परमाणु माइक्रोरिएक्टर लगाने की योजना बना रही है। इनसे भरोसेमंद बिजली मिलेगी। इसके लिए सेना को व्यावसायिक बिजली ग्रिड पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

यह घोषणा ऐसे समय हुई है, जब ट्रंप प्रशासन अमेरिका में परमाणु ऊर्जा का विस्तार करने पर जोर दे रहा है। इसका मकसद नई परमाणु तकनीक को बढ़ावा देना है। खासकर डाटा केंद्रों की बढ़ती बिजली जरूरत पूरी करने पर जोर है। इसके तहत बड़े परमाणु रिएक्टरों के लिए अरबों डॉलर के कर्ज दिए जा रहे हैं। उन्नत रिएक्टर डिजाइन और परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए एक पायलट कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। इसमें सैन्य और आम नागरिक दोनों क्षेत्रों के लिए काम किया जा रहा है।

अमेरिका में अभी कोई भी परमाणु माइक्रोरिएक्टर व्यावसायिक बिजली ग्रिड को बिजली नहीं दे रहा है। सेना ने पांच कंपनियों को चुना है। इन्हें पांच साल में कुल 2.2 अरब डॉलर तक दिए जाएंगे। ये कंपनियां माइक्रोरिएक्टर की मालिक होंगी। इन्हें बनाएंगी और चलाएंगी। हालांकि, इसके लिए उन्हें तय किए गए प्रदर्शन मानकों को पूरा करना होगा। सेना को उम्मीद है कि 20 से ज्यादा परमाणु माइक्रोरिएक्टर बनाए और चलाए जाएंगे।

उद्योग और सेना से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि माइक्रोरिएक्टर सैन्य ठिकानों के लिए मजबूत बिजली स्रोत दे सकते हैं। अगर मुख्य बिजली ग्रिड बंद हो जाए, तब भी इनसे जरूरी ढांचे को बिजली मिल सकती है।

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96

